हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 86 | देहरादून, शुक्रवार, 22 सितंबर, 2023 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08



देहरादून जिलाधिकारी ने की स्मार्ट रोड परियोजना की समीक्षा बैठक 3

# 8th देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल आज से

DEHRADUN INTERNATIONAL FILM FESTIVAL




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 22 सितंबर , उत्तराखंड का एकमात्र सबसे बड़ा आयोजन 8वां देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आगाज आगामी 22 सितंबर से 24 सितंबर को सिल्वर सिटी राजपुर रोड एवं तुलास इंस्टीट्यूट में होने जा रहा है। पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी कई सितारों , फ़िल्म डिरेक्टर, सिंगर आदि से उत्तराखंड की जनता रूबरू होगी। वही फिल्म फेस्टिवल के साथ-साथ उत्तराखंड टैलेंट हंट एवं आंगन बाजार एग्जिबिशन का आयोजन भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार फिल्म फेस्टिवल में अभिनेता विनय पाठक, रजित कपूर, वरुण बडोला, प्रदीप सिंह रावत, मोहन कपूर, मनीष वाधवा, मशहूर अभिनेत्री दीप्ति नवल हिमानी शिवपुरी चित्रांशी रावत एवं पूषण कृपलानी मौजूद रहेंगे।

जानकारी देते हुए देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के आयोजक राजेश शर्मा ने बताया कि इसमें दो ग्रुप रखे गए हैं 8 से 15 साल वह 16 साल से ऊपर जिसमें प्रतिभागी अपनी कला जैसे कि डांस एक्टिंग पोएट्री मिमिक्री सिंगिंग आदि का प्रदर्शन जजेस के समक्ष करेंगे और अंतिम फैसला जजेस का ही रहेगा जीतने वाले प्रतिभागियों को अवार्ड व सर्टिफिकेट तो दिया ही जाएगा साथ ही वोकल म्यूजिक और देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के आने वाले प्रोजेक्ट में भी मौका मिलेगा। श्री शर्मा ने बताया कि यह उत्तराखंड के युवाओं के लिए बहुत ही सुनहरा अवसर है कि वह अपनी कला का प्रदर्शन करें और उनको साथ ही साथ ऐसे कलाकारों से मिलने का मौका मिलेगा जिनके साथ वे उनके अनुभव साझा कर सकते हैं

राजेश जी ने बताया कि पिछले 8 वर्षों से देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन होता आ रहा है और कितने ही नए-नए डायरेक्टर प्रोड्यूसरस को एक प्लेटफार्म देने की कोशिश की गई है । उत्तराखंड से भी कई ऐसे डायरेक्टर प्रोड्यूसर निकल कर आए हैं जो आज नेशनल लेवल पर अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। अब उत्तराखंड टैलेंट हंट के माध्यम से युवाओं को अन्य क्षेत्रों में भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देने का यह एक प्रयास और किया जा रहा है। राजेश शर्मा ने बताया की फिल्म फेस्टिवल के पहले दिन नेत्रहीनों के लिए एक स्पेशल स्क्रीनिंग करवाई जा रही है जिसमे दृश्यम 2 दिखाई जाएगी।

# मेयर गामा की अध्यक्षता में हुई डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु बैठक

देहरादून। डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु आज नगर निगम बोर्ड बैठक सभागार में माननीय मेयर नगर निगम सुनील उनियाल गामा की अध्यक्षता में जनपद की विभिन्न हासिंग सोसायटी के सदस्यों एवं पार्षदों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैंठक में डेंगू पर नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु सुझाव के साथ ही विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा डेंगू से निपटने एवं प्रभावी नियंत्रण विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके उपरान्त मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम मनुज गोयल ने डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु वार्डवार नामित किये गए अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया।

मननीय मयेर नगर निगम सुनील उनियाल ने कहा कि डेंगू की रोकथाम हेतु सभी को सजग रहने की आवश्यकता है, जिसके लिए सभी को आपसी सहयोग से कार्य करना है तथा इसमें जनभागीदारी भी आवश्यक है। सभी अपने आसपास साफ सुथरा रखना है तथा कहीं भी लार्वा न पनपे इसके लिए घरों अथवा घरों के आसपास पानी जमा न हो इसका ध्यान रखना है। उन्होंने कहा कि डेंगू के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन सहित सभी विभागों के अधिकारी कार्य कर रहे हैं, जल्द ही डेंगू पर नियंत्रण पा लेंगे। उन्होंने कहा कि डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु लगे अधिकारी/कार्मिक आपसी समन्वय से कार्य करते हुए सघन अभियान चलाएं तथा सजग होकर कार्य करें।



इसके उपरान्त मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम मनुज गोयल ने कहा सभी अधिकारी, आशा फैसिलेटर से आशा का नम्बर लेंले तथा प्रत्येक दिन दिए गए क्षेत्र का निरीक्षण करें आशा कार्यकर्ती से समन्वय करें। आशा कार्यकर्ती जो घरों में जांच कर रही है कुछ घर भी देख लिए जाए यदि कोई आशा कार्यकर्ती ठीक प्रकार से कार्य नहीं कर पा रही है तो उसे उसका कार्य समझा दे कि किस प्रकार से सर्वे करना है लार्वा को नष्ट करना है। डेंगू नियंत्रण हेतु जरूरी है कि मच्छर का लार्वा पनपने न दिया जाए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान लोगों को समझाएं बताएं कि यदि उनके घरों में लार्वा मिलेगा तो अर्थदण्ड की कार्यवाही हो सकती है। लोगों को समझाते हुए मच्छर को न पनपने देने के साथ ही लार्वा नष्ट करने हेतु भी जागरूक करें। इस अवसर पर वरिष्ठ फीजिशिएन डॉ एन.एस बिष्ट ने डेंगू के लार्वा से लेकर डेंगू मच्छर के जीवनकाल, डेंगू सक्रमण से बचाव एंव डेंगू होने पर क्या करें, क्या न करें की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार्य करेंगे तथा लोगों को जागरूक करेंगे। अशा कार्यकर्ती एवं सफाई सुरपरवाईजर एवं निरीक्षक से समन्वय करते हुए निरीक्षण के दौरान लार्वा पाये जाने की दशा में लापरवाही करने वाले संस्थानों, गृह स्वामियों पर अर्थदण्ड की कार्यवाही अमल में लाई जाए।

इस अवसर पर पूर्व पार्षद/ पूर्व अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग अशोक वर्मा, मुख्य आयुक्त नगर निगम मनुज गोयल, उप नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल, डॉ अविनाश खन्ना, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सी.एस रावत, सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, वरिष्ठ फीजिशियन डॉ एन.एस बिष्ट, जिला आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉ गिरीश सिंह जंगपांगी, मुख्य कृषि अधिकारी लितिका सिंह, मुख्य उद्यान अधिकारी डॉ मीनाक्षी जोशी, जिला डेंगू मलेरिया अधिकारी डॉ सुभाष जोशी सहित हासिंग सोसायटी के सदस्य, पार्षदगण, सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बदरीनाथ धाम में मातामूर्ति उत्सव 26 सितंबर को

चमोली। बदरीनाथ धाम में इस यात्रावर्ष मातामूर्ति उत्सव मंगलवार 26 सितंबर को आयोजित होगा। धार्मिक परंपरानुसार मंगलवार को प्रातः 10 बजे भगवान बदरीविशाल स्वरूप श्री उद्धव जी देव डोली में बैठकर श्री बदरीनाथ भगवान की माता मूर्ति देवी को मिलने जायेंगे तथा तपस्यारत बदरीनाथ भगवान की कुशल क्षेम बतायेंगे।

बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि भाद्रपद बामन द्वादशी के अवसर पर आयोजित माता मूर्ति उत्सव से पहले माणा गांव से भगवान बदरीविशाल के क्षेत्रपाल रक्षक घंटाकर्ण महाराज 25 सितंबर शाम को बदरीनाथ मंदिर पहुंचकर बदरीनाथ भगवान को मातामूर्ति आने का न्यौता देंगे। 26 सितंबर पूर्वाह्न 10 बजे बाल भोग के पश्चात उद्धव जी की डोली सहित रावल, धर्माधिकारी-वेदपाठी तथा मंदिर समिति के पदाधिकारी, अधिकारी- कर्मचारी, तीर्थ पुरोहित, व्यापार सभा, दस्तूरधारी साधु संत सहित पुलिस प्रशासन, आईटीबीपी के प्रतिनिधि माता मूर्ति पहुंचेंगे। रास्ते में पर्यटक ग्राम माणा की महिलाएं श्री उद्धव को जौ की हरियाली भेंट करेंगी। मातामूर्ति में श्री उद्धव मातामूर्ति जी को मिलेंगे तथा कुशलक्षेम बतायेंगे। अभिषेक,पूजा-अर्चना तथा दिन का भोग मातामूर्ति मंदिर में आयोजित होगा। मेले के दौरान तीन बजे दिन तक श्री बदरीनाथ मंदिर बंद रहेगा। अपराह्न तीन बजे से पूर्व उद्धव जी की डोली में बैठकर श्री बदरीनाथ धाम को वापस आ जायेंगे तथा बदरीनाथ मंदिर गर्भगृह में विराजमान हो जायेंगे। पुनः मंदिर में दर्शन शुरू हो जायेंगे।

# पिता का साथ बेटियों को बनाता है स्ट्रॉन्ग और कॉन्फिडेंट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 22 सितंबर, देश दुनिया के अनेकों शोधों में पाया गया है कि उन लड़कियों में डिप्रेशन की समस्या अधिक देखने को मिली है, जिनका अपने पिता के साथ अच्छा रिश्ता नहीं है और वे खुलकर बातचीत नहीं करते. इस वजह से वह अपनी परेशानियों में अकेलापन महसूस करती हैं. दरअसल, किसी भी लड़की के जीवन में पिता पहला मेल फिगर होता है, जो उसके सबसे करीब होता है. ऐसे में पिता के साथ खुशी और दुख को शेयर करना बच्चों को अंदर से मजबूती देता है और हौसला बढ़ाता है. ऐसा ना होने पर वे कई बार अकेलापन महसूस करती हैं

हर बच्ची यह चाहती है कि उसका पिता उसकी जरूरतों को समझें और उसके लिए स्पेशल समय निकालें. अगर वह घर आए तो उससे पूछे कि दिन कैसा गया और परेशानियों का हल निकालने में मदद करें. इसलिए आप उसकी हॉबीज में इंटरेस्ट दिखाएं और महसूस कराएं कि आप उसके आसपास ही हैं. यही नहीं, वह अपने पिता में रोल मॉडल की खूबियां भी ढूंढती है और अपने पिता के कदमों पर चलना चाहती है.

आपको बता दें कि हर बच्ची यह उम्मीद रखती है कि उसके पिता की तरह ही उसका होने वाला हमसफर हो, लेकिन जब पिता उसकी मां के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करते तो वह खुद की शादी को लेकर भी एक डर के साए में जीने लगती है. इसलिए अगर आपकी बेटी है तो उसके सामने कभी भी उसकी मां के साथ बुरा व्यवहार ना करें और अपनी लाइफ पार्टनर के साथ प्यार व इज्जत से पेश आएं.

दुनिया में अगर उसका पिता उसका सपोर्ट कर रहा है तो वह हर दुनिया के हर मुसीबतों और चुनौतियों से टक्कर लेने के लिए तैयार रहती है और अपने सपने को पूरा करने के लिए वह जीतोड़ मेहनत कर सकती है, जो शायद उसके लिए संभव ना भी हो. इस तरह कह सकते हैं कि उसे अपने पिता के सपोर्ट की जरूरत जीवनभर महसूस होती है. यह सपोर्ट उसे अंदर से मजबूती देता है और आत्मविश्वास भरता है

जब आपकी बेटी आपके पास कोई समस्या लेकर आती है और अपनी हर बात साझा करती है तो वह चाहती है कि आप उस पर भरोसा करें और उसकी बात को इज्जत दें. यह कभी ना करें कि आपके बीच की बातचीत हर किसी से बताएं या उसका मजाक बना दें. इसलिए बेहतर होगा कि आप उसकी हर बात सुनें और आपने बीच ट्रासंपेरेंसी रखें कि वह हर बात खुलकर बोल सके.



# दम है तो ये शब्द बोल कर दिखाइए, छूट जायेंगे पसीने

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 22 सितंबर ,आज के समय में कम्युनिकेशन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए अंग्रेजी भाषा एक महत्वपूर्ण टूल के रूप में उभर कर सामने आया है. दुनिया भर के देश जब किसी वैश्विक प्लेटफॉर्म पर एक-दूसरे से मिलते हैं तो इंग्लिश में बातचीत करते हैं. बता दें कि यह भाषा दुनिया भर में व्यापक रूप से बोली जाती है और इसे अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति, व्यापार और संचार के लिए प्राथमिक भाषा के रूप में स्वीकार किया जाता है. इस भाषा के विद्वान भी कई बार कुछ शब्दों को लेकर कंफ्यूज हो जाते हैं कि उसका उच्चारण क्या होता है? उसे क्लिस्ट इंग्लिश भी कहा जाता है. आइए आज इसे समझने की कोशिश करते हैं.


आज हम आपको अंग्रेजी भाषा के ऐसे शब्द के बारे में आपको बताने वाले हैं, जिसमें 45 लेटर होते हैं, जिसे सबसे कठिन शब्दों में से एक माना जाता है. वह वर्ड

Pneumonoultramicroscopicsilicovolcanoconiosis है. इसे गूगल न्यूमोनौल्ट्रामाइक्रोस्कोपिकसिलिकोवोल्कैनोकोनओसिस पढ़ता है. यह नाउन है, जिसका मतलब फेफड़ों की बीमारी जो धूल से सांस लेने पर होती है. क्या आप इस शब्द को पढ़ पा रहे हैं. एक बार कोशिश कीजिए. इसे इंग्लिश डिक्शनरी का सबसे अधिक लेटर वाला शब्द भी कहा जाता है. आपकी सुविधा के लिए हम इसे अलग-अलग कर देते हैं, ताकि पढ़ने में आसानी हो- न्यूमनो अल्ट्रा माइक्रॉ स्कोपिक सिलिको वॉलकेनो कोनीयोसिस.

**इस शब्द को आज तक डिक्शनरी में नहीं किया गया ऐड**

आपको जानकर हैरानी होगी कि इसे दुनिया का सबसे बड़ा शब्द क्या जाता है. इसका मतलब इंसानों में पाया जाने वाला एक खास तरह का प्रोटीन है. इस शब्द की शुरुआत

'Methionylalanylthreonylserylarginylglycyl से होती है जो एक लाख नब्बे हजार लेटर्स तक जाती है. ये शब्द इतना बड़ा है कि इस अकेले शब्द के लिए पूरी डिक्शनरी के पन्ने लग जाएं, इसीलिए आज तक इस शब्द को डिक्शनरी में नहीं जोड़ा गया. वहीं इस शब्द को शॉर्ट में जानने की बात करें तो इसे शॉर्ट में टिटिन




# 'मैं खुद को रोक नहीं पाई', इंटरनेट की लत प्रोग्राम में बोली महिला

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**


ब्यूरो रिपोर्ट , 22 सितंबर ,आज के समय में लोग खाली समय स्मार्टफोन या लैपटॉप पर बिताते हैं। लोगों को जिस तरह से शराब या बेटिंग की लत लगती है, इसी तरह अब इंटरनेट चलाने से खुद को रोकना काफी मुश्किल है। इस आदत को कम करने के लिए बहुत सारे ऐसे प्रोग्राम हैं, जिसमें लोग शामिल होते हैं। इससे लोगों को फायदा भी हो रहा है। इसी तरह के एक प्रोग्राम में 18 लोग शामिल हुए थे, जिसमें महिला ने कुछ ऐसा कहा जिसे लेकर खूब चर्चा हो रही है। महिला अपनी बातों को रखते हुए बोली 'मैं खुद को रोक नहीं पाई', आइए आपको इस पूरे प्रोग्राम के बारे में विस्तार से बताते हैं।

**18 लोग जुड़े वीडियो कॉल पर**

इंटरनेट की लत को कम करने के लिए एक प्रोग्राम में जूम कॉल के जरिए 18 लोग जुड़े थे। इसमें भारत और नामीबिया की महिला और पुरुष शामिल थे। इसमें 12 चरण के प्रोग्राम के तहत सभी अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हैं। सराह नाम की लड़की लोगों को इंटरनेट की लत के बारे में बताती है। साल 2007 में US में इस ग्रुप की शुरुआत हुई थी। धीरे- धीरे इससे लगभग 1000 से भी ज्यादा दुनियाभर के लोग जुड़ गए।

**7 भाषाओं में लोगों से होती है बात**

इस ग्रुप में शामिल लोगों की मदद करने के लिए लगभग 100 से भी ज्यादा ऑनलाइन मीटिंग होती है। इसमें 7 भाषाओं के लोग शामिल होते हैं। 1935 में अल्कोहल की लत से बचने के लिए 12 स्टेप प्रोग्राम की शुरुआत हुई थी। इसमें लोगों का आंकलन करने के बाद आचरण में किस तरह से बदलाव होते हैं, इसके आधार पर सुधार की जाती थी। आज के समय में अल्कोहल की जगह अब फोन ले चुका है।



**महिला बोली 'मैं खुद को रोक नहीं पाई'**

ITAA प्रोग्राम में शामिल एक महिला लोगों के बारे में बताते हुए कहती है कि 'ये एक जुए की लत की तरह है। मैं पेज को लगातार रिफ्रेश करती हूं, ऐसा करने से मैं खुद को रोक नहीं पाती।' आगे वह कहती है 'मैं रोज खुद को रोकने के लिए कहती हूं, लेकिन अगले दिन रोक नहीं पाती।'

# मेले हैं हमारी संस्कृति एवं सभ्यता की पहचान : रेखा आर्या

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

अल्मोड़ा। नंदा देवी मेला महोत्सव में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुँची कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या का महिलाओं ने भव्य स्वागत किया। वहीं उन्होंने नंदा देवी मंदिर पहुंचकर माँ नंदा का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अल्मोड़ा एक सांस्कृतिक नगरी है। यहाँ की संस्कृति की एक अलग पहचान है। आज हम सब का यह अहम जिम्मेदारी बन जाती है कि हम सब लोग अपनी संस्कृति को संजो कर रखे। साथ ही उसे बचाने के लिए काम करें।

कैबिनेट मंत्री ने मेले के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि जिस तरह से यहाँ पर कलाकारों द्वारा लोगों को अपनी संस्कृति व सभ्यता से परिचय कराया गया वह काबिलेतारीफ है। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भी हमें अपनी संस्कृति का परिचय प्राप्त होता है। कहा कि हमें अपने कलाकारों का उत्साहवर्धन के साथ उन्हें आगे बढ़ाने का काम करना चाहिए। साथ ही कहा कि सरकार खेल व खिलाडियों के लिए हर प्रकार से मदद कर रही है और उन्हें आगे बढ़ा रही है। कई सारी योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। वहीं जल्द ही खेल विभाग खिलाडियों के लिए कई अन्य योजनाएं लाने जा रहा है जिससे हमारे प्रदेश के युवाओं को अपने खेल को निखारने में भी मदद मिलेगी और वह खेलों के प्रति भी आकर्षित होंगे। कैबिनेट मंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा संसद में महिला आरक्षण बिल पास होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व धन्यवाद जताया। कहा कि लंबे समय से यह बिल अधर में लटका हुआ था जिसे की केंद्र की मोदी सरकार ने नारी वंदन विधेयक के रूप में पास किया है। हम सब के लिए यह एक ऐतिहासिक फैसला है और निश्चित ही आने वाले वक्त में महिलाओं की भागीदारी लोकसभा व राज्य विधानसभा में बढ़ेगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि रौतेला, पूर्व जिलाध्यक्ष गोविंद पिलख्वाल, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, डीसीबी अध्यक्ष ललित लटवाल, पूर्व युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कुंदन लटवाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र कैड़ा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष लीला बोरा, विधायक प्रतिनिधि भुवन जोशी, सभासद मोनू शाह, विनीत बिष्ट आदि सहित मेला समिति के सदस्य, मेले में आई जनता उपस्थित रही।

# कोदा झिंगोरा उगाएंगे, उत्तराखंड को आत्म निर्भर बनाएंगे : गणेश जोशी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रपुर/ पंतनगर, 22 सितम्बर प्रदेश के कृषि एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने कॉलेज ऑफ़ वेटनेरी, पंतनगर विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय महिला आयोग एवं ग्राम्य विकास के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित "महिला किसान और महिला दैनिक मजदूरो के पलायन" से संबंधित संगोष्ठी के कार्यक्रम के प्रतिभाग कर संगोष्ठी का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। एक दिवसीय संगोष्ठी में महिला किसान/महिला दैनिक मजदूरो के पलायन से संबंधित बिंदुओ पर चर्चा की गई। इस दौरान कई वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखें।

इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने अपने संबोधन में कहा राज्य के निर्माण में महिलाओं की भूमिका अहम रही है और समाज में मातृ शक्ति का अहम योगदान है। मंत्री ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की सभी महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा केंद्र सरकार मातृ शक्ति की कितना चिंता करती है यह इस बात का संकेत है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा चाहे दिल्ली की केंद्र सरकार हो या राज्य की पुष्कर सिंह धामी सरकार लगातार महिलाओं के कल्याण के लिए काम कर रहे। उन्होंने कहा पीएम मोदी ने देश की कमान संभालते ही कहा था बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, उन्होंने कहा आज बेटियां फाइटर प्लेन चला रही है। हर क्षेत्र में बेटी आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा बेटियों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। मंत्री ने कहा आज कैप के माध्यम से 25 हजार से अधिक किसानों को जोड़ा गया है। जिसका 95 करोड़ टर्न ओवर है। उत्तराखंड की लगभग 90 प्रतिशत जनसंख्या कृषि आधारित है और इनमें मुख्य शक्ति का सबसे बड़ा सहयोग है। उन्होंने कहा महिलाओं को सशक्त करने के लिए पंचायत में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया था, उत्तराखंड में उसे बढ़ाकर 50% किया है। कृषि विभाग द्वारा आत्मा योजना के तहत महिला समूह को प्रतिवर्ष प्रशिक्षण दिया जाता है पर्वत का क्षेत्र में मशीनीकरण को बढ़ावा दिए जाने के लिए महिला किसानों को लाभ मिलेगा। इस दौरान मंत्री ने श्री अन्न के लाभ और उसके महत्व के बारे में भी जानकारी दी।

मंत्री ने कहा कृषि विकास में, विशेषकर फसल उत्पादन, पशुधन, बागवानी, कटाई के बाद के कार्य, कृषि/सामाजिक वानिकी, मत्स्य पालन आदि में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विभिन्न कृषि जनगणनाओं के दौरान देश में कृषि क्षेत्र के संचालन और प्रबंधन में महिला परिचालन धारकों का बढ़ता प्रतिशत महिलाओं की अधिक भागीदारी का संकेत देता है। कृषि क्षेत्र में स्व-रोज़गार, अवैतनिक सहायता या मजदूरी श्रमिक के रूप में काम करने वाली महिलाओं का अनुपात अधिक है। विश्व स्तर पर, अनुभवजन्य साक्ष्य हैं कि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और स्थानीय कृषि-जैव विविधता के संरक्षण में महिलाओं की निर्णायक भूमिका है। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने कार्यक्रम में लगी महिला समूहों के स्टॉलो का अवलोकन भी किया। इस अवसर राष्ट्रीय महिला आयोग सदस्य सचिव मीनाक्षी नेगी, अधिशासी निदेशक आर.डी.पालीवाल, राष्ट्रीय महिला आयोग समन्वयक सर्वेश पांडे, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, ऊमा जोशी सहित प्रदेश से आयी हुई महिलाएँ मौजूद रहे।




# देहरादून जिलाधिकारी ने की स्मार्ट रोड परियोजना की समीक्षा बैठक



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 22 सितम्बर : देहरादून जिलाधिकारी एवं स्मार्ट सिटी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोनिका ने स्मार्ट सिटी के कार्यालय में स्मार्ट के अन्तर्गत स्मार्ट रोड परियोजना के कार्यों की समीक्षा बैठक मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने वर्तमान में स्मार्ट रोड़ के कार्यों में विषेश ध्यान दिए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने उपस्थित पी.डब्लू.डी., सिंचाई, जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया कि समस्त कार्यों को समय से समाप्त करने पर भी फोकस किया जाय।

मुख्य कार्यकारी ने स्मार्ट रोड़ की समीक्षा करते हुए समस्त उपस्थित अधिकारियों/ कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जहां पर भी स्मार्ट सिटी के स्मार्ट रोड़ के कार्य चल रहे हैं उनमें यह आवश्यक रूप से सुनिश्चित किया जाय कि किसी भी तरह से पानी का ठहराव न हो ताकि किसी भी प्रकार से वर्तमान में चल रहे डेंगू के लार्वा उसमें पनपने न पाये और स्मार्ट सिटी के सभी संबंधित सभी चार रोड पर लारवासाइट का छिड़काव किया जाना सुनिश्चित किया जाये इस दशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर उचित करवानी हेतु निर्देशित किया।

वर्तमान में स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत निम्न स्थानों पर स्मार्ट रोड़ का कार्य गतिमान हैः-

1. राजपुर रोड़ (घंटाघर से दिलाराम बाजार) वार्ड करनपुर, घंटाघर, बकरालवाला।2. चकराता रोड़ (किषननगर से घंटाघर) वार्ड किशननगर , घंटाघर, कालिका मंदिर, तिलक रोड़।3. ई०सी० रोड़ (आराघर से बहल चैक) वार्ड एम.के.पी., करनपुर, तिलक रोड, डालनवाला।4. हरिद्वार रोड़ (आराघर से प्रिंस होटल) वार्ड एम.के.पी., तिलक रोड़।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने स्मार्ट रोड़ के वे सभी कार्य जिनसे यातायात प्रभावित हो रहा हो को अक्टूबर, 2023 तक समाप्त करने हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### ईश्वर नहीं करते किसी का बुराः जोशी

देहरादून। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की ओर श्री पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर में भगवान परशुराम की चरित्र कथा प्रवचन किए जा रहे हैं। कथा व्यास आचार्य सुभाष जोशी ने कहा कि ईश्वर कभी किसी का बुरा नहीं करते। वह तो हमेशा अपने भक्तों की रक्षा करते हैं, जब हम मंदिर में प्रवेश करते हैं तो प्रभु के दर्शन करते हैं और कुछ ना कुछ मांगना प्रारंभ कर देते हैं। जो व्यक्ति सर्वश्रेष्ठ कर्म करता है प्रभु हमेशा उसके परिवार की रक्षा करते हैं हमें हमेशा अपने अच्छे कर्म करते रहना चाहिए। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री के सलाहकार राजीव जैन, कायस्थ महासभा के विवेक श्रीवास्तव के अलावा नवीन गुप्ता, विक्की गोयल, एकलव्य अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, दीपक मित्तल, संजय कुमार गर्ग, मनमोहन शर्मा, दिगंबर भगवत पुरी, दिगंबर दिनेश पुरी, आचार्य भारत भूषण भट्ट, आशीष उनियाल, कैलाश अग्रवाल, राहुल शर्मा, बालकिशन शर्मा, पंकज शर्मा, इंदु शर्मा, निशा शर्मा, ललित शर्मा, नवीन गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे।

### जूनियर इंजीनियरों को मिले इंक्रीमेंट का लाभ

देहरादून। उत्तराखंड पावर जूनियर इंजीनियर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जूनियर इंजीनियरों को इंक्रीमेंट का लाभ देने की मांग की। एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने अधिशासी निदेशक मानव संसाधन मानव संसाधन आरजे मलिक को मांग पत्र सौंपा। जूनियर इंजीनियरों को एक जनवरी 2009 से 4600 रुपये ग्रेड पे का लाभ देने का आदेश जारी करने पर धन्यवाद भी दिया। कहा कि जूनियर इंजीनियरों को पहले की तरह पहली एसीपी और एई के पद पर पदोन्नति में दो इंक्रीमेंट दिए जाएं। प्रतिनिधि मंडल में प्रान्तीय अध्यक्ष सुनील उनियाल, महामंत्री पवन रावत शामिल रहे।

### टॉपर छात्राओं को किया पुरस्कृत

देहरादून। बीएस नेगी महिला पॉलीटेक्निक में निशुल्क कंप्यूटर कोर्स के समापन पर टॉपर छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि कैंट विधायक सविता कपूर ने कहा कि यह संस्थान छात्रा और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस दौरान उन्होंने संस्थान की लैब और कैंटीन के रेनोवेशन के लिए विधायक निधि से तीन लाख रुपये देने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में टॉपर छात्रा रितु गुरुंग, मानसी राना, मौलिका बिष्ट, ईशा, स्वाति कांबोज और शरमीन को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य नमिता ममगाईं आदि मौजूद रहे।

### सडक़ पर घूम रहे पशुओं को पकडक़र गोशालाओं में छोड़ा

देहरादून। नगर निगम ने सडक़ों से पशुओं को हटाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। पहले दिन निगम की टीमों ने 19 पशुओं को पकडक़र गौशालाओं में छोड़ा है। निगम के वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. डीसी तिवारी ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देश पर अभियान निरंजनपुर मंडी, मोहब्बेवाला, सहस्त्रधारा हेलीपैड, राजपुर, मयूर विहार, डोभाल चौक क्षेत्र में चलाया गया। बताया कि पशुओं को पकडने के लिए दो टीमें बनाई गई हैं। नगर आयुक्त मनुज गोयल ने पशुपालकों से अपील की है कि वह पशुओं को सडक़ पर ना छोड़ें। इससे जहां ट्रैफिक बाधित होता है, वहीं, दुर्घटनाओं का भी खतरा बना रहता है। कहा कि सडक़ पर पशुओं को छोडऩा दंडनीय अपराध है।

### रोडवेज में मृतक आश्रितों को जल्द मिले नियुक्ति

देहरादून। रोडवेज में मृतक आश्रितों को समय पर नियुक्ति न दिए जाने पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने सख्त नाराजगी जताई। मुख्य सचिव को पत्र लिख कर जल्द नियुक्ति सुनिश्चित कराए जाने की मांग की। प्रांतीय अध्यक्ष अरुण कुमार पाण्डेय और महामंत्री शक्ति प्रसाद भट्ट ने कहा कि रोडवेज में मृतक आश्रित कोटे से अनुकंपा नियुक्ति में अनावश्यक विलबं न किया जाए। इसे लेकर आश्रितों में रोष बढ़ता जा रहा है। दस अक्तूबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जा रहा है। परिषद की ओर से भी पूरा सहयोग किया जाएगा।

# ट्रेनों में स्लीपर कोच की जगह लगेंगे इकोनॉमी कोच

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 22 सितंबर, देश में रेलवे से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या बहुत अधिक है। ऐसे में यात्री अपनी सुविधा के अनुसार कोच चुनकर यात्रा करते हैं। इस बीच झाँसी मंडल के ग्वालियर स्टेशन में चार ट्रेनों में स्लीपर कोच की जगह इकोनॉमी कोच लगाए गए। इकोनॉमी कोच लगाए जाने वाली ट्रेनों में सुशासन एक्सप्रेस और दौर एक्सप्रेस में पहले ही इकोनॉमी कोच लगाए जा चुके हैं। इसके साथ ही दो दिन पहले ग्वालियर-अहमदाबाद में दो इकोनॉमी कोच भी जोड़े गए। ट्रेनों में इकोनॉमी कोच आने से स्लीपर और जनरल कोचों की संख्या कम होती जा रही है, जिनमें आज भी देश की आधी आबादी सफर करती है।

**थर्ड एसी के समान सुविधाएं**

अगर आपके टिकट पर M लिखा है तो इसका मतलब है कि आपको थर्ड एसी इकोनॉमी में बैठना होगा। अब आप सोच रहे होंगे कि थर्ड एसी के अलावा ये कौन सा कोच है? वैसे आपको बता दें कि ये कोच कुछ ही ट्रेनों में जोड़े गए हैं। जिनमें सुविधाएं थर्ड एसी के समान हैं, लेकिन थर्ड एसी से थोड़ी अलग हैं। इन्हें थर्ड एसी की तुलना में कम आरामदायक भी माना जा सकता है और इनका किराया भी थर्ड एसी के किराए से कम होता है।

**इकोनॉमी कोच की खासियत**

अगर इकोनॉमी कोच की बात करें तो इसमें सीटें ज्यादा होती हैं और इससे सीटों के साइज और सीटों के बीच रखी जगह में फर्क पड़ता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसमें 83 बर्थ हैं, जबकि सामान्य कोच में सिर्फ 72 सीटें होती हैं। ऐसे में 72 सीटों की जगह 83 सीटों पर समायोजन किया गया है। ये कोच स्लीपर से एक क्लास ऊपर और थर्ड एसी से एक क्लास नीचे के हैं। हालाँकि, इसमें AC है और यह थर्ड AC के समान है।

**फिलहाल अभी इतने हैं इकोनॉमी कोच**

अभी के समय देश में एसी-3 के 11277 कोच है। एसी 3 इकनोमिक में करीब 500 कोच है।सरकारी आंकड़े के मुताबिक रेलवे ने 1 साल में करीब 231 करोड़ रुपए की कमाई कर चुकी है।पिछले साल अप्रैल से लेकर अगस्त तक रेलवे ने इन कोच की मदद से 177 करोड़ रुपए की कमाई कर चुकी है।किराये की बात करें तो इकोनॉमी का किराया स्लीपर से 2.4 गुना ज्यादा है।




# अपने रिस्क पर ही डाउनलोड करें ये 5 मोबाइल ऐप्स

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 22 सितंबर , स्मार्टफोन में किसी भी ऐप को इंस्टॉल करने से पहले इसके बारे में पता होना चाहिए। अधिकतर लोग एड देखकर किसी भी ऐप को इंस्टॉल कर लेते हैं। क्रिकेट शुरू होने के बाद लोग बेटिंग ऐप पर पैसे लगा कर मोटा कमाई की जुगाड़ में रहते हैं। क्या आप भी फोन में किसी फ्री ऐप को बिना सोचे समझे डाउनलोड कर लेते हैं, तो सावधान हो जाएं। ऐसे 5 बेटिंग ऐप्स हैं जिसे अपने रिस्क पर ही डाउनलोड करें। आइए आपको उन सभी ऐप्स के काले सच के बारे में विस्तार से बताते हैं।

Betway बेटिंग ऐप

क्रिकेट में सट्टा लगाने वाले लोगों के बीच ये ऐप बहुत ज्यादा लोकप्रिय है। ये एंड्रॉयड और आईओएस दोनों यूजर्स के लिए फ्री में उपलब्ध है। बेटवे में लॉगिन करने पर कुछ बोनस प्वाइंट्स मिलते हैं। इस पैसे का इस्तेमाल कर आप बेटिंग के तरीके सीख सकते हैं। ऐप में पैसे डालने के लिए UPI, कार्ड और नेट बैंकिंग की सुविधा मिलती है। इसमें आप हर गेंद, मैच, या ऑवर के अनुसार पैसे लगा सकते हैं।

Pari Match

इस बेटिंग ऐप पर दुनियाभर के लोग सट्टा लगाते हैं। भारत में सट्टा लगाने वाले लोगों के बीच इस ऐप की एक अलग पहचान है। ऐप में लॉगिन करने पर के बाद आप अन्य यूजर्स के साथ गेम फ्री में और पैसे लगाकर दोनों ही तरीके से गेम खेल सकते हैं। इसके अलावा क्रिकेट मैच के समय इस ऐप पर बेटिंग में हिस्सा ले सकते हैं। पैसे का लेनदेन करने के लिए इसमें बैंक ट्रांसफर, एंट्रोपे, बिटकॉइन, यैंडेक्स मनी, वीजा, मास्टरकार्ड, नेटेलर, स्क्रिल और वेबमनी के विकल्प मिलते हैं।

इन ऐप्स को भी अपने रिस्क पर करें इंस्टॉल

फोन पर बेटिंग करने के लिए लोग Bet365, 10CRIC, Paripesa ऐप का इस्तेमाल करते हैं। अगर आप भी इन 5 में से किसी ऐप का इस्तेमाल करते हैं तो जल्दी ही डिलीट कर दें। शुरू में बेटिंग में लोगों को कमाई होती है, लेकिन धीरे- धीरे लोग घाटे में चले जाते हैं। बेटिंग की लत लगने से आपको लाखों रुपये का चूना लग सकता है। इन ऐप्स को अपने रिस्क पर ही इंस्टॉल करें।




# अजबी गजब : वायरलेस डिवाइस से बचाएगा एंटी-रेडिएशन अंडरवियर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 22 सितंबर , मोबाइल रेडिएशन के खतरे से बचने के लिए फ्रांस ने iPhone 12 की बिक्री रोक दी है. एपल का यह फोन तय मात्रा से ज्यादा रेडिएशन निकाल रहा है. वायरलेस डिवाइस से निकलने वाले इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन से खुद को बचाना जरूरी है. फ्रांस के बाद दूसरे यूरोपीय देशों ने भी इस मामले को गंभीरता से लिया है. मोबाइल रेडिएशन को लेकर डर कितना बड़ा है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बाजार में एंटी-रेडिएशन अंडरवियर भी बिक रहे हैं.एंटी-रेडिएशन अंडरवियर मोबाइल और दूसरे वायरलेस डिवाइसेस से निकने वाले रेडिएशन से बचाता है.

ऐसे अंडरवियर बनाने वाली कंपनियां दावा करती हैं ये आपको बेहतर प्रोटेक्शन देने के लिए हैं. आज हम भी आपको स्मार्ट अंडरवियर के बारे में बताते हैं, जो रेडिएशन से आपका बचाव करेंगे. इस एंटी-रेडिएशन अंडरवियर की कीमत 1,000 रुपये से कम है.ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजन की इंटरनेशनल साइट पर कोट ऑफ आर्म्स का अंडरवियर मिल रहा है. ये सिल्वर फैब्रिक के जरिए EMF रेडिएशन को बंद कर देता है. अंडरवियर का धागा सिल्वर फैब्रिक से लिपटा हुआ है. ये सिल्वर वाई-फाई और मोबाइल फोन की रेडिएशन खत्म करता है. कंपनी का दावा है कि आपको 99% प्रोटेक्शन मिलेगी.

ये अंडरवियर ना केवल रेडिएशन से बचाता है, बल्कि पहनने में भी काफी आरामदायक है. इसमें दो पॉकेट मिलेंगी जिसमें आप जरूरी सामान रख सकते हैं. इस पॉकेट में हम कैश, क्रेडिट कार्ड, पासपोर्ट, आईडी या चाबी जैसा जरूरी आइटम रख सकते है. इस तरह यह अंडरवियर आपको प्रोटेक्ट करेगा.सिल्वर लाइन ट्रैवल बॉक्सर ब्रीफ को सॉफ्ट मॉडल फैब्रिक से बनाया गया है. इससे अंडरवियर बॉडी को काफी सुकून देता है. अंडरवियर में 7% Lycra भी है, जो बॉडी शेप के मुताबिक शानदार स्ट्रैच देता है. इसे पहनकर आप कहीं भी आ सकते हैं, और वर्कआउट भी कर सकते हैं. अमेजन पर कोट ऑफ आर्म्स अंडरवियर 12 डॉलर में बिक रहा है. इंडियन करेंसी में ये रकम लगभग 998 रुपये है.




# उत्तरांचल फेडरेशन ऑफ मिनिस्टीरियल सर्विसेज एसोसिएशन की हुई सचिव कार्मिक के साथ बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। कर्मचारियों की सबसे बड़ी मांग पदोन्नति में शिथिलता को लेकर बात आगे बढ़ती नजर आ रही है। गुरुवार को उत्तरांचल फेडरेशन ऑफ मिनिस्टीरियल सर्विसेज एसोसिएशन की सचिव कार्मिक के साथ हुई बैठक में बड़ी राहत दी गई। सचिव कार्मिक शैलेश बगोली ने बताया कि पदोन्नति में शिथिलता से जुड़े प्रकरण को विधायी के पास भेज दिया गया है।

सचिवालय में हुई बैठक में अध्यक्ष पूर्णानंद नौटियाल ने पदोन्नति में शिथिलता पर कोई फैसला न होने पर नाराजगी जताई। कहा कि इस मांग को पूरा करने में सरकार पर कोई भार नहीं पड़ रहा है। शासन की ओर से जल्द लाभ सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के गजट नोटिफिकेशन व मिनिस्ट्रीयल संवर्ग के कार्यदायित्व पर तत्काल प्रस्ताव प्रस्तुत करने के भी निर्देश कार्मिक अनुभाग को दिए।

मिनिस्टीरियल कार्मिकों के सुगम से सुगम श्रेणी में पारस्परिक स्थानांतरण और समूह ग के कर्मचारियों को गृह तहसील में भी तैनात किए जाने का आश्वासन दिया। कहा कि अगली धारा 27 की बैठक में प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्य प्रशासनिक अधिकारियों के पदों पर पदोन्नति को कुल सेवा 22 वर्ष अथवा एक वर्ष वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद पर निरन्तर सेवा पर पर जल्द शासनादेश जारी करने का आश्वासन दिया। मिनिस्टीरियल कर्मचारियों की भी कॉमन सेवा नियमावली बनाई जाएगी। बैठक में सचिव कार्मिक शैलेश बगोली, सचिव वित्त दिलीप जावलकर, अपर सचिव वित्त गंगा प्रसाद, अपर सचिव कार्मिक ललित मोहन रयाल, महामंत्री मुकेश बहुगुणा, सुनील दत्त कोठारी, दीप चंद्र बुडलाकोटी, मुकेश ध्यानी आदि मौजूद रहे।

**बढ़ेगी शैक्षिक योग्यता, मिलेगी ट्रेनिंग**

बैठक में मिनिस्टीरियल कर्मचारियों की शैक्षिक योग्यता बढ़ाने के साथ ही ट्रेनिंग देने पर भी सहमति बनी। एसीपी व्यवस्था लागू किए जाने को शासन स्तर से दोबारा परीक्षण होगा। एसजीएचएस कार्ड को और प्रभावी बनाने को पैथोलॉजी टेस्ट पर चंदन पैथोलॉजी सेंटर से करार किया जा चुका है। अन्य पैथोलॉजी सेंटर से भी बात की जा रही है। खाली पदों पर भर्ती सुनिश्चित कराई जाएगी।

# शाबाश दून पुलिस : चाकू की नोक पर हुई लूट का 12 घंटे के अन्दर किया खुलासा







न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 22 सितम्बर : रायपुर क्षेत्रान्तर्गत सोमनाथ नगर के पास तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चाकू की नोक पर सुहैल पुत्र मुन्ना अहमद निवासी आजाद नगर कॉलोनी, रायपुर के साथ पर्स लूट की घटना को अंजाम दिये जाने की सूचना थाना रायपुर को मिली। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष रायपुर मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे तथा पीड़ित से जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त अज्ञात अभियुक्त द्वारा वादी का पर्स जिसमें 4800 रुपये नगद, 02 आधार कार्ड व एक आएं कार्ड था लूट लिया तथा उनके द्वारा घटना को अंजाम देने के लिए एक सफेद रंग की स्कूटी का इस्तेमाल किया था। रायपुर क्षेत्रान्तर्गत हुयी उक्त लूट की घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस देहरादून द्वारा थानाध्यक्ष रायपुर को 24 घंटे के अन्दर घटना का अनावरण करने के सख्त निर्देश दिये गये थे

घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के कैमरो को चैक किया तो घटना में एक सफेद रंग की स्कूटी UK07DC1527 का प्रयोग किया जाना प्रकाश में आया जिसके सम्बन्ध में जानकारी करने पर उक्त स्कूटी प्रियंका पुत्री अशोक कुमार निवासी ऋषि नगर देहरादून के नाम पर पंजीकृत होना ज्ञात हुआ। साथ ही सी0सी0टी0वी0 से प्राप्त अभियुक्त के हुलिये के सम्बन्ध में जानकारी करने पर उनमें से एक अभियुक्त की पहचान प्रियंका के भाई आशु के रूप में हुई जिस पर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त के सम्बन्ध में गोपनीय रूप से जानकारी एकत्रित करते हुए बीते दिन 04.00 बजे अभियुक्त आशु को ऋषि नगर के पास से गिरफ्तार किया गया

जिसके द्वारा अपने अन्य साथियो रोहित व सौरभ के साथ घटना को अंजाम दिया जाना स्वीकार किया गया ।

# देहरादून : स्पा सेंटर की आड़ में अनैतिक देह व्यापार के धंधे का दून पुलिस ने किया पर्दाफाश






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 22 सितम्बर : पुलिस अधीक्षक देहरादून को नगर क्षेत्रान्तर्गत कुछ स्पा सेंटरों में अनैतिक कार्य किये जाने की गोपनीय सूचना प्राप्त हुई थी, जिस पर उनके द्वारा तत्काल AHTU टीम को उक्त स्थानों की आकस्मिक चेकिंग कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने निर्देश दिए गए। उक्त आदेशों के क्रम में दिनाँक 20/09/23 की शाम AHTU देहरादून की टीम द्वारा चकराता रोड़ स्थित स्पा सेंटरो की आकास्मिक चेकिंग की गई। दौराने चेकिंग टीम को बिंदाल क्षेत्र स्थित क्राउन टावर में डिलाइट स्पा सेंटर पर मसाज की आड़ में एक कमरे में एक महिला व एक पुरूष अनैतिक देह व्यापार में संलिप्त मिले, साथ ही तीन अन्य महिलाये भी उक्त स्पा सेंटर में मौजूद मिली, स्पा सेंटर की तलाशी में वहां से कई आपत्तिजनक चीज़े प्राप्त हुई। जिस पर पुलिस टीम द्वारा मौके से स्पा सेंटर की महिला मैनेजर तथा एक पुरुष को अनैतिक देह व्यापार अधि0 के तहत गिरफ्तार किया तथा तीन पीड़ित महिलाओ को रेस्क्यू किया गया।




पूछताछ में जानकारी प्रकाश में आई कि उक्त स्पा सेंटर का मालिक सहारनपुर निवासी मनोज कुमार महिलाओं को रुपयों का लालच देकर अपने स्पा सेंटर की आड़ में काफी समय से अनैतिक देह व्यापार का काम करा रहा है, इस काम के लिए उसके द्वारा एक महिला मैनेजर इरम को रखा गया था, जो आने वाले ग्राहकों को मसाज के साथ एक्सट्रा सर्विस के बारे में भी बताती थी तथा ग्राहकों से स्पा में रूम के 800 से 1000 रुपया लेती थे, इसके बाद ग्राहक की पसंद पर लड़की को रूम पर भेजा जाता था तथा ग्राहको से एक्स्ट्रा सर्विस के एवज में 2000 से 4000 रुपये तक लिए जाते थे। उक्त सारा लेन देन का काम मैनेजर इरम द्वारा देखा जाता था।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त

1- इरम उर्फ आंचल D/o शमशुद्दीन नि0 ग़ांधी रोड देहरादून उम्र 26 वर्ष2- मो0 अमीर s/o अब्दुल नि0 इनामुल्ला बिल्डिंग तहसील देहरादून उम्र 24 वर्ष

वांछित अभियुक्तः-

मनोज कुमार पुत्र जगमल नि0 सोरणा जिला सहारनपुर

बरामदः-

1- 41500/- रुपये नगद2- 07 पैकेट कंडोम 3- 02 मोबाइल फोन4- विजिटर रजिस्टर

पुलिस टीम एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट देहरादून

## संक्षिप्त खबरें

### नालियां क्षतिग्रस्त होने से सडक़ों पर बह रहा बरसाती पानी

नई टिहरी। नैनबाग-श्रीकोट-घोड़ाखोरी मोटरमार्ग पर मुख्य बाजार से लेकर डिग्री कॉलेज तक जगह-जगह नालियां क्षतिग्रस्त व पानी की निकासी न होने के कारण बरसाती पानी सडक़ों पर बह रहा है। जिसकी वजह से सडक़ पर बड़े-बड़े गड्ढे तथा बाजार में गंदगी फैल रही है। वहीं बरसात के दोनों में लोगों को भी भारी समस्याओं का सामना उठाना पड़ रहा है। व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश तोमर का कहना है कि, सडक़ किनारे बनी नालियों से सडक़ में पानी बहने से मुख्य बाजार में गंदगी फैलने के साथ-साथ सडक़ में कई जगह गड्ढे बन गए हैं। तथा सडक़ उखड़ रही है। कहा कि कई बार लोक निर्माण विभाग जौनपुर को अवगत कराया गया। लेकिन अभी तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। उधर, ईई लोनिवि जौनपुर लोकेश सारस्वत का कहना है कि, सडक़ किनारे बनी नालियों की जल्द से जल्द मरम्मत कर दी जाएगी।

### डीएम ने ली जिला सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। सडक़ सुरक्षा और सडक़ दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए डीएम ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित व ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। गुरुवार को कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में सडक़ दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने एवं सुव्यवस्थित यातायात के लिए डीएम दीक्षित ने बिना हेलमेट सवारी, बिना सीट बेल्ट सवारी, एल्कोहल, टू-व्हीलर पर तीन सवारी आदि लापरवाहियों को लेकर जनपद के समस्त एसडीएम एवं एआरटीओ को संयुक्त कार्ययोजना बनाकर जांच कर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। एनएच-58 पर मशीन बढ़ाकर सारा मलबा हटाने, चन्द्रभागा से ब्रहमपुरी तक 15 दिन के अन्दर क्रेश बैरियर लगाने, टू-व्हीलर में हेलमेट को शतप्रतिशत लागू करने के निर्देश दिए। मोटर मार्गों से संबंधित अधिकारियों को सडक़ पर झाड़ी कटान में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी शामिल करते हुए तेजी से कार्य करने को कहा। जिन प्रकरणों में मजिस्ट्रीयल जांच बाकी है, उनमें तत्काल जांच करते हुए संबंधित को आर्थिक सहायता देना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खाड़ी में पड़े मलबे से वाहन संचालन में हो रही दिक्कतों को दूर करने के लिए बीआरओ नागणी को कार्यवाही को कहा। जनपद क्षेत्रान्तर्गत स्थित मोटर मार्गों पर पैरापिट, क्रेश बेरियर, थर्मोप्लास्ट पेंट, पैच वर्क, ब्लैक स्पॉट स्थलों पर कार्य प्रगति, चारधाम पर किये गये कार्यों की प्रगतिआख्या की जानकारी ली। एआरटीओ सत्येन्द्र राज ने जनपद में स्थित ब्लैक स्पॉट के सुधारीकरण की स्थिति व दुर्घटना संभावित स्थलों पर किये गये कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकादी दी। बैठक में एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर, एसीएमओ एलडी सेमवाल, ईई लोनिवि योगेश कुमार, एसडीएम संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### सेवा पखवाड़े पर योजनाओं की जानकारी दी

नई टिहरी। पीएम मोदी के जन्म दिवस से आयोजित सेवा पखवाड़े के तहत जिला मुख्यालय नई टिहरी में भाजपाइयों ने कार्यक्रम आयोजित कर भाजपा सरकार की नीतीयों और योजनाओं को लेकर आम लोगों को जानकारी दी। इस मौके टिहरी मंडल अध्यक्ष गोपी राम चमोली ने अपने संबोधन में कहा कि पीएम मोदी दुनिया में भारत की नई तस्वीर पेश कर रहे हैं। जिला भाजपा कार्यालय में पीएम मोदी के जन्मदिवस से सेवा पखवाड़ा मनाते हुए भाजपाइयों ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। देश अपनी पौराणिकता के साथ विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। देश में विकास की विभिन्न योजनाओं के साथ अंतिम व्यक्ति की जरूरत को देखते हुए योजनाओं का विकास किया जा रहा है। जिसका लाभ महिलाओं, युवाओं व बुजुर्ग लोगों को बखूबी मिल रहा है। आने वाले लोक सभा चुनाव में भाजपा बड़ी जीत दर्ज कर बार फिर मोदी को पीएम बनाने का काम करेगी। जिला भाजपा कार्यलय पर कार्यक्रम आयोजित कर पीएम मोदी का जन्म दिवस धूमधाम से मनाते हुए मिष्ठान वितरण कर पीएम मोदी के लंबे जीवन की कामना की गई। इस मौके पर कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल, कार्यक्रम संयोजक दर्मियान कंडारी, सह संयोजक गोपी राम चमोली, देवेंद्र बैलवाल, मेहरबान सिंह रावत, राजेंद्र जुयाल, उदय रावत, जयेंद्र पंवार, शीशराम थपलियाल, विजय कठैत, उर्मिला राणा, बीना मखलोगा, लक्ष्मी रावत आदि मौजूद रहे।

# 2024 से महिला आरक्षण लागू हो, आप महिला विंग की डिमांड

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून , 22 सितंबर , आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ महिला कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कार्यालय में बैठक की जिसमें महिला बिल आरक्षण को लेकर विचार विमर्श किया गया सभी पदाधिकारीयो ने अपने-अपने विचार रखें,प्रदेश उपाध्यक्ष उमा सिसोदिया ने देश के प्रधानमंत्री जी से महिला आरक्षण बिल को लेकर गुजारिश की 2024 लोकसभा के चुनाव में लागू हो महिला आरक्षण बिल अन्यथा एक बार फिर यह ठंडे बस्ते में होगा पूर्ववर्ती सरकारों ने भी इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

प्रदेश प्रवक्ता कमलेश रमन ने बताया पिछले 15 16 सालों से महिलाएं अपने अधिकार के लिए लडाई लड़ रही हैं सरकार की मंशा पर महिला बिल को लेकर कोई संशय नहीं है लेकिन अगर देश के प्रधानमंत्री और भाजपा सरकार महिलाओं को पुरुषों की भांति उनके अधिकार देना चाहती है तो यह बिल तत्काल लागू होना चाहिए ।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से तीन तलाक बिल , किसान बिल, नोटबंदी, जीएसटी, 370 तत्काल प्रभाव से लागू किया ठीक उसी तरह इसे भी लागू किया जाना अति आवश्यक है। वरिष्ठ नेत्री सुधा पटवाल ने कहा सदन के पटल पर रखने के बाद भी अगर यह बिल 2024 में लागू नहीं किया जाता एक बार फिर महिलाएं अपने आप को ठगा सा महसूस करेगी और लोकसभा विधानसभा में आधी आबादी आधा हिस्सा से फिर वंचित हो जाएंगी। पूर्व जिला अध्यक्ष सुदेश सैनी ने कहा एक बार फिर महिलाएं देश की राजनीति सामाजिक न्याय का हिस्सा नहीं बन पायेगी यह बिल जुमला सा साबित होगा जिस तरह से इसमें परिसीमन आरक्षण का पेंच फंसा कर बिल पेश किया गया है उससे तो यही लगता है महिलाओं को सिर्फ परपंच रच कर मूर्ख बनाने की कवायद की गई हो 2029 तक यह कोटा लागू होने की उम्मीद दिखाई नही पड़ती है जिससे एक लंबा अंतराल फिर महिलाओं की क्षमता का उपयोग नहीं कर पाएगा ।

सभी ने अपने विचार रखते हुए मांग की है प्रधानमंत्री को इसमें संशोधन कर इस बिल को 2024 के आने वाले लोकसभा चुनाव में लागू करना कोई मुश्किल भरा कदम नहीं होगा आसानी से शासन और प्रशासन की मदद से इसे लागू किया जा सकता है मनसा साफ होनी चाहिए सही मायने में आज महिलाओं को आगे आने की आवश्यकता है तभी देश तरक्की कर पाएगा उन्नति होगी । प्रदेश प्रवक्ता कमलेश रमन ने बताया कि बैठक में नशे के खिलाफ ठोस कदम उठाए जाने की बाबत कल 22, 9, 2023 को देहरादून एसएसपी से मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में नशे का कारोबार अपने पैर पसार रहा है इस पर रोक लगाने हेतु ज्ञापन देगी,आम आदमी पार्टी की महिलाएं । बैठक में उपस्थित उमा सिसोदिया, कमलेश रमन, सुधा पटवाल, सुदेश सैनी, यामिनी आले, आयशा खान ,सरिता गौतम, किरण देवी, पूनम ,दर्शनी देवी, मंदोदरी देवी, के अलावा पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश उपाध्यक्ष आर पी रतूड़ी, अशोक सेमवाल,सतीश शर्मा, शीशपाल, आदि मौजूद रहे

# डेयरी व्यवसाय से मालामाल हो रहे पशुपालक

रुद्रप्रयाग। जनपद में दुग्ध उत्पादन को लेकर पशुपालक काफी जागरूक हो गए हैं और लगातार दूध उत्पादन में इजाफा हो रहा है। डेयरी उत्पादों की बढ़ती मांग के चलते पारंपरिक किसानों ने तरक्की की है साथ ही पशुपालकों ने भी डेयरी के क्षेत्र में कामयाबी पाई है। जिला प्रशासन एवं दुग्ध विकास विभाग के सहयोग एवं मार्गदर्शन में जनपद के तीनों विकास खंडों में प्रतिवर्ष नए किसान दुग्ध विकास विभाग के जरिए दुधारू पशुओं की खरीद कर अपनी आजीविका में सुधार ला रहे हैं। नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनसीडीसी) योजना में डेयरी विकास विभाग किसानों को डेयरी व्यवसाय से जोड़ रहा है। विभाग की ओर से किसान-पशुपालकों को प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीक एवं उपकरणों की जानकारी दी जा रही है। वहीं दुधारू मवेशियों की खरीद के लिए आसानी से ऋण उपलब्ध कराने के साथ ही पशुओं की खरीद में पूरी मदद भी की जा रही है। किसान वैज्ञानिक विधि से पशुओं की देखभाल करने लगे हैं। जबकि वर्तमान समय में जिले में विभिन्न महिला समूह एवं किसान मिलकर प्रतिदिन 15 हजार लीटर से ज्यादा दूध उत्पादन कर बेच रहे हैं। अगस्त्यमुनि ब्लॉक के हाट गांव के संदीप गोस्वामी बीते पांच सालों से दुग्ध व्यवसाय कर रहे हैं जो 200 लीटर दूध उत्पादन कर रहे हैं। संदीप के पास 14 मवेशी हैं। वह महीने में करीब 8500 लीटर दुग्ध उत्पादन कर तीन लाख रूपये से ज्यादा की कमाई कर रहे हैं। उनके साथ 10 लोगों को रोजगार भी मिल रहा है।

हाट गांव निवासी गीता देवी बेहद साधारण परिवार से हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति नाजुक थी ऐसे में उन्होंने परिवार के भरण पोषण के लिए दुग्ध व्यावसाय का रास्ता चुना। संदीप गोस्वामी ने भी उनकी मदद कर उन्हें दुग्ध विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी दी और उन्हें व्यावसाय स्थापित करने में मदद की। गीता देवी के पास 7 मवेशी हैं एवं वो महीने में करीब 3500 लीटर दूध का उत्पादन कर बेच रही हैं। गीता ने बताया कि महीने में डेढ़ लाख से ज्यादा की कमाई कर रही है। पुनाड़ निवासी दुर्गा नौटियाल बीते कई सालों से दुग्ध उत्पादन का काम कर रहे हैं। वह प्रतिमाह 1500 लीटर दूध की बिक्री कर रहे हैं। पुनाड़ निवासी अजय कप्रवान लंबे समय तक बेरोजगारी से जूझते रहे। इसी बीच उन्हें दुग्ध विकास विभाग की एनसीडीसी योजना की जानकारी मिली और पांच मवेशी खरीद कर अपना व्यवसाय शुरू किया।

वर्तमान में उनके पास 8 गाय हैं जिनसे करीब 3500 लीटर दूध प्रतिमाह उत्पादन कर वो बेच रहे हैं एवं डेढ़ लाख से ज्यादा की कमाई कर रहे हैं। अजय अपने अलावा छह और लोगों को रोजगार दे रहे हैं। मुख्यालय के नजदीकी गांव जयमंडी निवासी राकेश बिष्ट भी 1500 लीटर प्रतिमाह दूध की बिक्री कर रहे हैं। इधर, वरिष्ठ प्रबंधक दुग्ध विकास एसके शर्मा ने बताया कि नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनसीडीसी) योजना में डेयरी विकास विभाग किसान एवं पशुपालकों को मवेशी खरीदने एवं उनका व्यवसाय स्थापित करने में पूरी मदद कर रहा है। साथ ही समय समय पर प्रशिक्षण दे रहा है। जनपद में वर्तमान में 15 हजार लीटर दुग्ध उत्पादन प्रतिदिन हो रहा है जबकि करीब 10 हजार लीटर दूध बाहर से आ रहा है। ऐसे में यह स्पष्ट है कि जनपद में दूध की और डिमांड है।

# सोनप्रयाग पार्किंग में ओवर रेटिंग की जांच के निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग। सोनप्रयाग में जीके इंटरप्राइजेज द्वारा संचालित पार्किंग में ओवर रेटिंग के साथ ही अतिरिक्त शुल्क वसूलने की शिकायत पर जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने जांच के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधितग्र्म की जांच के भी निर्देश दिए हैं। पार्किंग में ओवर रेटिंग की शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लिया है। जिलाधिकारी ने संबंधित फर्म की जांच के साथ ही ओवर रेटिंग मामले में भी जांच करने के निर्देश दिए है। उन्होंने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को पूरे मामले में जांच करने को कहा। यदि जांच में संबंधित पार्किंग संचालक द्वारा अतिरिक्त धनराशि की वसूली करने की पुष्टि होती है तो, संचालन शुरू होने से वर्तमान तक जो भी ओवर रेटिंग की गई है, उस धनराशि की वसूली संबंधित पार्किंग संचालक से की जाएगी। निर्देश दिए कि यदि उनके द्वारा उक्त धनराशि समय पर जमा नहीं की गई तो आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन यात्रियों को जायज दाम एवं तय मानकों पर सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है, इसमें किसी स्तर पर की गई लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सोहन सिंह ने बताया कि केदारनाथ धाम यात्रा के महत्पवूर्ण पड़ाव सोनप्रयाग में यात्रियों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन की ओर से तैयार वाहन पार्किंग संचालक पर ओवर रेटिंग के आरोप लगे हैं। प्रशासन को मिली शिकायत के अनुसार प्रशासन की ओर से तय मानक एवं दामों से ज्यादा वसूली की जा रही है। सोनप्रयाग स्थिति पार्किंग जिला पंचायत रुद्रप्रयाग के अधीन है, इसके लिए प्रतिवर्ष यात्रा के दौरान टेंडर के माध्यम से पार्किंग संचालन का मौका बाह्य कंपनी को दिया जाता है। इस वर्ष पार्किंग का काम जीके इंटरप्राइसेज को मिला है।

## एक भारत-श्रेष्ठ भारत के तहत छात्र-छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

चमोली। डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक भारत, श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने उत्तराखण्ड व कर्नाटक के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। बुधवार को महाविद्यालय ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ ने कहा कि भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय की एक पहल पर यह कार्यक्रम किया जा रहा है। जो देश के विभिन्न राज्यों के बीच सांस्कृतिक दूरी कम करने का एक सराहनीय प्रयास है। इतिहास विभाग के प्राध्यापक डा. वेणीराम अन्थवाल ने मुख्य वक्ता के रूप में कर्नाटक राज्य, जिसे उत्तराखण्ड के साथ संबद्ध किया गया है, के खान-पान, सांस्कृतिक परिवेश व पर्यटन की विस्तृत जानकारी स्लाइड शो के माध्यम से दी। छात्रा प्रज्ञा ने अपने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से उत्तराखण्ड और कर्नाटक के विभिन्न पहलुओं पर तुलना करते हुए विस्तार से प्रकाश डाला। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.चन्द्रावती टम्टा ने बताया कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत के तहत विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रामीणों ने ईई के समक्ष रखीं समस्याएं

नई टिहरी। प्रतापनगर के ग्राम पंचायत सिलोड़ा में ईई ऊर्जा निगम की अध्यक्षता में ग्रामीणों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्रामीणों ने गांव में झूलती विद्युत लाइनों, प्राथमिक विद्यालय में लटके हुए पेड़ों सहित अन्य समस्याएं रखीं। बुधवार को सिलोड़ा गांव में आयोजित बैठक में ईई ऊर्जा निगम अमित आनंद के समक्ष ग्रामीणों ने शिकायतें रखी। राज्य आंदोलनकारी देवी सिंह पंवार ने कहा कि साल 2005 से स्वीकृत खम्माखाल-सिलोड़ा मोटर मार्ग की समस्या का समाधान आज तक नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि सीमांत गांव होने तथा गांव में सडक़ सुविधा न होने के कारण लोगों को पैदल जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने गांव के लिए पंचायत भवन स्वीकृत होने के बावजूद भूमि चयन न होने की भी शिकायत रखी। मौके पर प्रधान प्रमिला देवी, सहायक अभियंता, सद्दाम अली, अवर अभियंता अवनीश शर्मा, विजय मटियाल, शूरवीर सिंह राणा, प्रेम सिंह राणा, मुंशी सिंह राणा, राय सिंह राणा, कल्याण सिंह राणा, दयाल सिंह राणा, उत्तम सिंह, चंदन सिंह, सूरज सिंह, बिशन सिंह, बलवीर सिंह राणा, रुशना देवी, बलमा देवी, बचन देवी, गोवली देवी, रानी देवी आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम ने किया प्रभावित गांवों का भ्रमण

नई टिहरी। एसडीएम घनसाली ने शैलेन्द्र नेगी ने घुत्तू भिलंग में निर्मित भिलंगना हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट से प्रभावित चंदला, सिंदवाल गांव व वीना गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों को शीघ्र इस समस्या के समाधान का आश्वाशन दिया। चंदला के ग्राम प्रधान पवन सिंह पंवार व सामाजिक कार्यकर्ता चंद्र कंडारी ने डीएम टिहरी को पत्र भेजकर भिलंगना हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट की टनल के ऊपर बसे गांवों में दरार पडऩे की सूचना देकर इसका निरीक्षण करने का अनुरोध किया था। जिसके बाद एसडीएम ने तीनों गांवों का स्थलीय निरीक्षण किया। एसडीएम ने कहा कि, इसका भूगर्भीय सर्वेक्षण कराया जाएगा। जिससे पता लग पायेगा की दरारें पडऩे का क्या कारण है। साथ ही परियोजना के अधिकारियों से भी वार्ता कर इसका समाधान किया जाएगा। ग्रामीणों ने एसडीएम से तीनों गांवों के विस्थापन की मांग की।

### सीओ चंबा ने किया थाना छाम का निरीक्षण

नई टिहरी। सीओ चंबा सुरेन्द्र प्रसाद बलूनी ने थाना छाम के मालखाना,शस्त्रागार में रखे शस्त्रों के रख रखाव के साथ थाना भवन का निरीक्षण किया। सीओ ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर नशाखोरी, साइबर क्राइम, सडक़ दुर्घटनाओं पर चर्चा की। उन्होंने थाना पुलिस से इनकी रोकथाम को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में साइबर ठग लोगों को विभिन्न तरीकों से अपने जाल में फंसा रहे हैं। उन्होंने लोगों से फोन पर आया ओटीपी और महत्वपूर्ण दस्तावेजों तथा निजी जानकारी किसी अंजान व्यक्ति के साथ साझा न करने को कहा। सीओ ने प्रभारी निरीक्षक छाम पंकज देवरानी से लोगों का सत्यापन करने, चारधाम यात्रा मार्ग पर नियमित रूप से वाहनों की चेकिंग, क्षेत्र में नशे की रोकथाम पर ध्यान देने के निर्देश दिये। मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रभा बिष्ट, एसएसआई दिनेश बल्लभ, सुमेरी पंवार, अरविन्द भंडारी, मनोज खंडूरी, राबिन पंवार, बुद्धि बिष्ट, राय सिंह पडियार, दिनेश चन्द रमोला आदि मौजूद थे।

### ऊखीमठ में शिविर में पेश किए रंगारंग कार्यक्रम

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड भारत स्काउट एवं गाइड के सहयोग से अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज उखीमठ में पांच दिवसीय राज्य पुरस्कार जांच शिविर का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। इससे पूर्व अंतिम रात्रि को ग्रैंड कैंप फायर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राशिसं के अध्यक्ष नरेश भट्ट ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से बच्चों का सर्वांगीण विकास के साथ-साथ राष्ट्र प्रेम की भावना का विकास होता है। कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड एक ऐसी स्वयंसेवी संस्था है जो अल्प संसाधनों से आदर्श भावी नागरिकों का निर्माण कर रही है। उन्होंने कहा कि राजकीय शिक्षक संघ जिला संस्था को हर संभव सहयोग करेगा। संघ के संरक्षक एवं पूर्व जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन रावत ने कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड के जिला संस्था जनपद में बेहतर कार्य कर रही है। जिला कमिश्नर शीशपाल रावत ने शिविर की गतिविधियों से अवगत कराया। इस दौरान नगर क्षेत्र में एक जन जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर शंकर भट्ट ब्लॉक अध्यक्ष अगस्त्यमुनि, अजय भट्ट ब्लॉक मंत्री उखीमठ, प्रधानाचार्य प्रतिनिधि असवाल ने भी अपने विचार रखे।

# श्रीअन्न को एक आंदोलन बनाने की जरूरत : प्रो. नौटियाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग चौरास और उच्च शिखरीय पादक कार्यिकी शोध केंद्र (हैप्रक) के सहयोग से स्थापित किए गए श्रीअन्न फसल कैफिटेरिया का गुरुवार को गढ़वाल विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने विधिवत उद्घाटन किया।

इस दौरान उन्होंने श्रीअन्न फसल कैफिटेरिया का निरीक्षण कर उसमें उगाए गए मोटे अनाज के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा श्रीअन्न हर किसी की थाली पर जाए और भारत फिर से श्रीअन्न के क्षेत्र का बड़ा उत्पादक वाला देश बने इसके लिए श्रीअन्न को एक आंदोलन बनाने की जरूरत है।

श्रीअन्न फसल कैफिटेरिया के निरीक्षण के बाद चौरास स्थित स्वामी मनमंथन प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को संबोधित करते हुए गढ़वाल विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने कहा कि श्रीअन्न (मिलेट) की जननी भारत भूमि है। कहा कि भारत सरकार ने संयुक्त राष्ट्र संघ में वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया है। गढ़वाल विवि वर्ष 2020 से ही पारंपरिक फसलें मोटे अनाज पर विचार करने लगा था। प्रो. नौटियाल ने कहा कि स्वास्थ्यवर्धक, पोषण, शक्ति प्रदान करने वाले और मूल्यवान पारम्परिक फसलें दुबारा हमारे खेतों में लहलहाए इसी कल्पना को लेकर कैफिटेरिया बनाया गया है। उन्होंने कहा कि कोदा, झंगोरा उत्तराखंड के गरीबी का परिचय नहीं बल्कि हमारी संपन्न विरासत का परिचायक है। इसको हमे सहेज और संजोए रखने की जरूरत है। कहा कि बीज विज्ञान विभाग द्वारा पहली बार चौरास में बड़े स्तर पर जो मूंगफली का उत्पादन किया है वह अतुलनीय प्रयास है। कहा एक बार फिर हमारे खेत श्रीअन्न से लहलहाएं इसके लिए गढ़वाल विवि के वैज्ञानिकों और किसानों के सहयोग की आवश्कता है। बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जेएस चौहान ने सभी का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्व पीसीसीएफ प्रवीण थपलियाल, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर एवं एलाइड साइंस प्रो. एके नेगी, हैप्रेक संस्थान के निदेशक प्रो. एमसी नौटियाल, बीज विज्ञान विभाग के प्रो. प्रकाश नौटियाल, पर्यावरण विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. आरके मैखुरी, डा. विजयकांत पुरोहित, डा. विजयलक्ष्मी, डा. वैशाली चंदोला आदि मौजूद रहे।

गढ़वाल विवि देगा मोटे अनाज के उन्नत किस्मों के बीज

श्रीनगर गढ़वाल। बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जेएस चौहान ने कहा कि अगले वर्ष से विवि का बीज विज्ञान विभाग किसानों को मोटे अनाज के उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध करवाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की पारंपरिक फसलों को संरक्षित करने और किसानों की आजीविका बनाकर अर्थिक रूप से सबल बनाने के उद्देश्य से गढ़वाल विवि ने फसल कैफिटेरिया स्थापित किया है। जिससे आने वाले समय में गढ़वाल विवि किसानों को मोटे अनाज का उत्तम बीज उपलब्ध करवा सकें। कहा श्रीअन्न फसल कैफिटेरिया में मुख्य रूप से मोटा अनाज रागी, कोदा, झंगोरा, कोणी, मुंगफली और चीणा उगाया है।

## ढाढेकी में राशन डीलर पर धांधली के आरोप

रुड़की। लक्सर के ढाढेकी गांव निवासी हर्षित कुमार, सुमित कुमार, सुरेश कुमार, चंद्रपाल, राजपाल, सोमपाल सिंह, सुशील आदि ग्रामीणों ने गुरुवार को एसडीएम गोपाल सिंह चौहान से मुलाकात की। उन्होंने शिकायत की कि गांव का राशन डीलर मनमानी कर रहा है। महीने में महज दो से तीन बार दुकान खोलकर राशन बांटता है। इसकी मुनादी भी नहीं कराता है। इसके चलते तीन चौथाई लोग राशन नहीं ले पाते हैं। डीलर उनके हिस्से के बचे राशन को बाजार में ब्लैक से बेच रहा है। शिकायत पर एसडीएम ने जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के आदेश आपूर्ति निरीक्षक को दिए हैं।


## विधायक ममता राकेश ने किया

रुड़की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर में लगाए गए स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ करते हुए विधायक ममता राकेश ने सभी जरुरतमंदों को समुचित इलाज दिलाने की बात कही। सामुदायिक केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक अभिमन्यु के निर्देशन में लगाए गए शिविर में 204 लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। इसके अंतर्गत 74 लोगों के खून के सैंपल लिए गए। इनमें से प्रारंभिक जांच में 14 लोगों में डेंगू की पुष्टि भी हुई। डा. अभिमन्यु ने बताया कि लगातार स्वास्थ्य विभाग की टीम लोगों को डेंगू बुखार के प्रति जागरूक करने का काम कर रही है।

## स्टील फैक्ट्री का बॉयलर फटने से हुआ हादसा

रुड़की। एक स्टील फैक्ट्री में बीती देररात्रि बॉयलर फटने से 15 से अधिक मजदूर घायल हो गए। इनमें 11 लोगों की हालत चिंताजनक बताई गई है। उन्हें उपचार के लिए हायर सेंटर में भर्ती कराया गया है। मुंडियाकी में एक स्टील फैक्ट्री में बुधवार देररात्रि लोहा गलाने वाली भट्टी में लगे बॉयलर में अचानक तेज धमाका हुआ। धमाके के साथ ही गला हुआ गर्म लोहा आसपास काम कर रहे मजदूरों के ऊपर जा गिरा इससे वहां चीख पुकार मच गई। फैक्ट्री प्रबंधन ने मशीनें तथा भट्टी बंद कराकर झुलसे हुए मजदूरों को निजी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने 11 मजदूरों की हालत चिंताजनक बताकर हायर सेंटर रेफर कर दिया। फैक्ट्री प्रबंधन ने इन मजदूरों को मुजफ्फरनगर तथा मेरठ के अस्पतालों में भर्ती कराया। मुजफ्फरनगर के बोझाहेड़ी निवासी अनुज और प्रतापगढ़ के साहिबपुर निवासी पवन, दिनेश तथा दीपू को प्रथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

# संपादकीय



## कनाडा में खालिस्तान

खालिस्तान समर्थक उग्रवादियों की पैरोकारी करते हुए कनाडा के प्रधानमंत्री टूडो ने भारत पर जो बेहद गंभीर आरोप चस्पा किया है, उससे न केवल राजनयिक टकराव पैदा हुआ है, बल्कि भारतीय छात्रों और अनिवासी भारतीयों पर खतरे मंडराने लगे हैं। कनाडा ने हमारे एक वरिष्ठ राजनयिक को देश छोड़ने का आदेश दिया है, तो हमारे विदेश मंत्रालय ने भी कनाडाई राजनयिक को 'देशनिकाला' दे दिया है। यह लोकतांत्रिक और सहयोगी देशों के लिए सुखद स्थितियां नहीं हैं। भारत सरकार को अपने नागरिकों के लिए सतर्कता का परामर्श जारी करना पड़ा है। कनाडा भारतीयों, खासकर पंजाबियों के लिए, दूसरा घर रहा है, लेकिन अब खालिस्तानियों की निश्चित पनाहगाह भी बन गया है। कनाडा नाटो और यूरोपीय संघ का सदस्य-देश है, तो जी-20 समूह में भारत के साथ भी शामिल है। शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने द्विपक्षीय संवाद किया था, जिसके दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय दूतावासों और मंदिरों पर खालिस्तानी उग्रवादियों के हमलों का मुद्दा उठाया था। कनाडाई प्रधानमंत्री को सचेत किया गया था कि भारत इन हरकतों को बर्दाश्त नहीं करेगा। उसके बावजूद प्रधानमंत्री टूडो ने अपनी संसद में संगीन आरोप लगाए कि कनाडा के नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या भारतीय एजेंसियों ने कराई थी। उन्हें यह भी कहना पड़ा कि कनाडा भारत को उकसाना नहीं चाहता, लेकिन वह गंभीरता से इस पर सोचे। यदि प्रधानमंत्री टूडो की सोच खालिस्तान समर्थक नहीं थी, तो उन्होंने यह आरोप किन साक्ष्यों के आधार पर चस्पा किया? उन्होंने भारतीय राजनयिक को 'देशनिकाला' क्यों दिया? उनके देश में खालिस्तान समर्थक उग्रवादी सरेआम सक्रिय क्यों हैं? क्या कनाडा ही खालिस्तान बन गया है? भारतीय हिंदू छात्रों और अनिवासी भारतीयों को कनाडा छोड़ कर चले जाने की धमकियां क्यों दी जा रही हैं? क्या खालिस्तानी गुरपतवंत पन्नू अब तय करेगा कि कनाडा में कौन बसेगा और किसे देश छोड़ देना चाहिए? टूडो बताएं कि ऐसा क्यों है? क्या 2.30 लाख छात्रों और करीब 7 लाख अनिवासी भारतीयों के प्रति कनाडाई प्रधानमंत्री की कोई जवाबदेही और जिम्मेदारी नहीं है? यदि प्रधानमंत्री टूडो के आरोपों में जरा-सा भी तथ्य होता, तो अमरीका समेत यूरोपीय देश उनके आरोप का समर्थन करते और भारत पर दबाव बनाते। हालांकि पश्चिमी देश छोटे-मोटे मुद्दों पर ही भारत का पांव दबाने लगते हैं, लेकिन कारोबार, बाजार और रणनीतिक साझेदारी के मद्देनजर भारत के ही मुखापेक्षी रहे हैं। बहरहाल कनाडा के वरिष्ठ पत्रकार और भारतवंशी लोग लगातार आग्रह कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री टूडो को साक्ष्यों के आधार पर बात करनी चाहिए। अमरीका समेत कुछ देश भी तथ्यों के आधार पर जांच की मुखर मांग करने लगे हैं। यदि टूडो खालिस्तान के इतने वैचारिक, सामाजिक, राजनीतिक हमदर्द हैं, तो कनाडा में ही 'खालिस्तान' बसा सकते हैं। कनाडा में व्यापक भूभाग हैं, जहां खालिस्तान बसाया जा सकता है। कनाडा में सिख, हिंदू और मिश्रित भारतीयों की आबादी खूब है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094
**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# संक्षिप्त खबरें

## आरोपी कार चालक के खिलाफ केस

रुड़की। पठानपुरा निवासी मोहम्मद लुकमान पुत्र सईद अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलौर-लंढौरा मार्ग पर रोडवेज बस स्टैंड के निकट एक तेज रफ्तार कार चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। साथ ही उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

## सड़कों पर आवार पशु दिखा तो नगर निगम उठा ले जाएगा

रुड़की। नगर निगम ने शहर में आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए अभियान चलाने की तैयारी कर रहा है। इन पशुओं के मालिक का पांच हजार से ज्यादा का चालान भी करेगा। आवारा पशुओं से परेशान कई लोगों ने नगर निगम से शिकायत की। इसके बाद निगम ने आवारा पशुओं को पकड़ने की योजना तैयार की है। निगम आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए एक वाहन का टेंडर भी निकाल रहा है। सहायक नगर आयुक्त संजय कुमार ने बताया कि आवारा पशुओं के सड़कों और कॉलोनियों में गंदगी करने की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि कुछ डेयरी वाले जान बूझकर अपने जानवरों को सुबह और शाम के समय शहर में छोड़ देते हैं। इससे अन्य लोगों को दिक्कतें होती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे पशुओं को वाहन से उठाया जाएगा। उन्हें चावमंडी और पनियाला गौशाला में रखा जाएगा। इस बीच अगर किसी पशु का मालिक निगम से संपर्क करता है तो उससे जुर्माना वसूला जाएगा। ताकि अगली बार से वह इस तरह की लापरवाही नहीं करे।

## हाईवे पर 25 सितंबर से अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलेगा

हरिद्वार। हाईवे पर 25 सितंबर से अतिक्रमण हटाया जाएगा। प्रशासन की ओर से पुलिस फोर्स उपलब्ध कराने को कहा गया है। बडेढ़ी राजपूताना से लेकर टोल प्लाजा तक अतिक्रमण अभियान चलेगा। जिलाधिकारी धीराज सिंह गब्र्याल ने बैठक कर अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए। गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राजमार्ग निर्माण में आ रही दिक्कतों को लेकर बैठक की। बैठक में डीएम ने प्राधिकरण के अधिकारियों से निर्माण कार्य में आ रही दिक्कतों की जानकारी ली। डीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक डीएम ने प्राधिकरण को शंकराचार्य चौक चंडीपुल होते हुए कांगड़ी तक सड़क की मरम्मत को लेकर दिए गए आदेश पर पूछा तो अधिकारियों ने बताया कि पूरे शहरी क्षेत्र में हाईवे मरम्मत का काम गुरुवार से ही शुरू कर दिया गया है, जो लगातार चलेगा। बैठक में हरिद्वार रिंग रोड में कुछ क्षेत्रों में जमीन की पैमाइश, मिट्टी क्षेत्र में खनन की अनुमति और वन क्षेत्रों में रात में निर्माण कार्य कराए जाने की अनुमति आदि को लेकर विचार-विमर्श हुआ।

## गुरुकुल विवि का योग एवं पारंपरिक विषयों में शोध कार्य दुनिया भर में प्रसिद्ध

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी विवि के योग विभाग में दस दिवसीय कार्यशाला के समापन पर मुख्य अतिथि प्रो. ईश्वर भारद्वाज ने कहा कि विवि का योग एवं पारंपरिक विषयों में शोध कार्य दुनिया भर में प्रसिद्ध है। इसका वातावरण शोध अनुसंधान की प्रेरणा देता है। शोध की गहराइयों, कठिनाइयों, नए विषयों को जानने, समझने, नवीन ज्ञान को सामने लाने की विधियों का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राध्यापकों, अनुसंधताओं का मार्गदर्शन करेगा। योग विज्ञान विभाग के अध्यक्ष और कार्यशाला के निदेशक प्रो. सुरेंद्र कुमार ने कहा कि योग का सभी विषयों के साथ संबंध है। इसका किसी भी विषय के साथ अनुसंधान संपन्न किया जा सकता है। बिना योग किए हम मन, बुद्धि की क्षमता का पूरी तरह इस्तेमाल नहीं कर सकते। कार्यशाला के संयोजक डॉ. ऊधम सिंह ने कहा कि कार्यशाला शोध विधियों को सिखाने के लिए हुई।

## मेयर का जन्मदिन मनाया

हरिद्वार। मेयर कार्यालय में मेयर अनिता शर्मा को जन्मदिन मनाया गया। शुभकामनाएं देने पार्षद, व्यापारी और कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे। इस अवसर पर मेयर अनिता शर्मा ने कहा कि पांच वर्षों में जनता का बहुत स्नेह मिला। जनता की सेवा का जो संकल्प लिया था उसे हर संभव पूरा करने की कोशिश की गई। इस मौके पर पार्षद उदयवीर सिंह चौहान, जफर अब्बासी, सोहेल कुरेशी, मेहरबान खान, पार्षद प्रतिनिधि पुनीत कुमार, तासीन अंसारी, सुनील कुमार, बृजमोहन बड़थ्वाल, हरद्वारी लाल, समर्थ अग्रवाल, शिव कुमार, प्रवीण मिश्रा, दीपक कश्यप, सुमित भाटिया, संगम शर्मा, नारायण कुमार, दीपक चौहान, शानिब, जगदीप असवाल, संदीप अरोड़ा, विकास कुमार, सोनू शर्मा, देवेश गौतम आदि उपस्थित थे।

## गंगा का दूध से अभिषेक किया

हरिद्वार। बिहार के मिथिला क्षेत्र के तीर्थ पुरोहितों ने हरकी पैड़ी पहुंच कर गंगा का दूध से अभिषेक किया। साथ ही गंगा से विश्व कल्याण की कामना की। इस दौरान हरिद्वार के तीर्थ पुरोहित शैलेश मोहन ने मिथिला से आए तीर्थ पुरोहितों की पूजा अर्चना कराई। बताया की देश में शांति और समृद्धि के साथ विश्व कल्याण की कामना के लिए मिथिला के पुरोहित मणिकांत झा के नेतृत्व में गंगोत्री से गंगा जल लेकर दक्षिण मे रामेश्वरम ज्योतिलिंग का जलाभिषेक करने के लिए पैदल यात्रा की। यात्रा के समापन के बाद हरिद्वार लौटने पर मिथिला क्षेत्र के तीर्थ पुरोहित ने गंगा का दुग्धाभिषेक किया। इस मौके पर पं. अभिनव झा, विकास झा, श्रवण झा, सच्चिदानंद झा, रेवती महापात्र, नवीन, प्रमोद, अलखदेव पांडेय, पार्षद नितिन माना, अमित मोहन, निश्चित मोहन, चंद्रकांत पांडेय आदि मौजूद रहे।

## 33 फीसदी आरक्षण से महिलाएं होगी सशक्त

हरिद्वार। भाजपा नेत्रियों ने नारी शक्ति वंदन बिल लोकसभा में पारित होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जाया। महिलाओं ने एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर बधाई दी। प्रदेश मंत्री रीता चमोली, जिला मंत्री रजनी वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार की महिला सशक्तिकरण और उनके कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को यह कदम दर्शाता है। जिला उपाध्यक्ष मनु रावत ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने से उन महिलाओं को अवसर प्राप्त होंगे, जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए उत्कृष्टता की ओर बढ़ रही हैं। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष रेणु शर्मा, नीतू चौहान, बिमला ढौंडियाल, मीनाक्षी, अनीता आदि मौजूद रहे।

## पेयजल आपूर्ति न होने से पैंडुला के लोग परेशान

श्रीनगर गढ़वाल। कीर्तिनगर विकासखंड के पैंडुला के ग्रामीण लक्ष्मोली-हडिमधार पेयजल योजना से पेयजल आपूर्ति सुचारू न होने से परेशान हैं। ग्राम प्रधान सुनय कुकशाल ने कहा कि पिछले 15 दिन से गांव में पेयजल आपूर्ति ठप पड़ी हुई है। जिससे लोगों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

# महिला आरक्षण धरातल पर कब लागू होगा : यशपाल आर्य



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 22 सितंबर ,नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि , कांग्रेस ने हर कदम पर महिला आरक्षण बिल का समर्थन किया है. हमें महिला आरक्षण विधेयक के पारित होने के बेहद खुशी है . हमारी चिंता इस बात को लेकर है कि जिस राजनीतिक अधिकार महिला आरक्षण के लिए भारतीय महिलाएं पिछले 13 वर्षों से इंतजार कर रही हैं उसके लिए उन्हें और कितने साल इंतजार करना पड़ेगा .

यशपाल आर्य ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक पास होने के बाद अब हम सबकी चिंता इस बात को लेकर है कि, महिला आरक्षण धरातल पर कब लागू होगा। उन्होंने कहा कि , 2001 में संशोधित हुए अनुच्छेद 82 के अनुसार 2026 के बाद पहली जनगणना के आंकड़े जारी होने से पहले परिसीमन नहीं हो सकता . याने 2031 में ही परिसीमन हो सकता है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अधिकांश राजनीतिक विश्लेषक इस तथ्य को नकार रहे हैं कि परिसीमन आयोग की फाइनल रिपोर्ट मिलने में ही तीन से चार साल तक का समय लगता है । पिछले परिसीमन आयोग ने पांच साल का समय लिया था। उन्होंने कहा कि , जनसंख्या के अनुपात में बदलाव के कारण भी आगामी परिसीमन बहुत विवादित भी हो सकता है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि , यदि इन सभी कारकों को ध्यान में रखा जाय तो परिसीमन 2039 से पहले लागू होना असंभव है ।

यशपाल आर्य ने कहा कि , यदि मोदी सरकार को मनमोहन सिंह सरकार के समय पेश 2010 वाले महिला आरक्षण बिल के प्राविधानों को लागू करती तो 2024 के चुनाव तक देश की महिलाओं को आरक्षण मिल सकता था। देश की महिलाओं का मोदी सरकार से प्रश्न है कि , आखिर मोदी सरकार ने 2024 तक आरक्षण देने वाले विधेयक के प्राविधान क्यों नहीं माने ?

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि , कांग्रेस की मांग है कि महिला आरक्षण बिल को तुरंत लागू किया जाय और जातिगत जनगणना करवाकर SC , ST और OBC महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था की जाए । यशपाल आर्य ने कहा कि अब इस बिल को लागू करने में और देर करना भारत की स्त्रियों के साथ अन्याय होगा. नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि , देश की महिलाओं ने आजादी की लड़ाई लड़ी है । तब से लेकर वे वर्तमान समय तक देश की तरक्की के लिए पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर अपना योगदान दे रही हैं । उन्होंने कहा कि कई मामलों में महिलाओं ने स्वयं को पुरुषों से अधिक सक्षम सिद्ध किया है । इसलिए महिला आरक्षण बिल को लागू करने में और देर करना देश की आधी आबादी के साथ अन्याय होगा।

## डीएम ने स्वच्छता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये 13 ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया

हरिद्वार। गुरुवार को जिलाधिकारी धीराज सिंह गब्र्याल ने कलक्ट्रेट सभागार में स्वच्छता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए 13 ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया। डीएम ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रधानों की मेहनत और लगन से जनपद को उत्तराखंड में पहला और देश में छठा स्थान मिला, यह जिले के लिए गौरव का विषय है। डीएम ने कहा कि स्वच्छ भारत की बेहद आवश्यकता है। इसके लिए हर नागरिक में जो जागरूकता दिखाई देनी चाहिए, उस तरह की जागरूकता अभी दिखाई नहीं देती है। इसके लिए लगातार कार्य करने की जरूरत है। इस कार्य में ग्राम प्रधान महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। हमारे देश की आत्मा गांवों में ही बसती है। जिलाधिकारी ने आयुष्मान भव योजना का उल्लेख करते हुये कहा कि यह योजना पूरे देश में 17 सितम्बर से दो अक्तूबर तक चलाई जा रही है।

## सीएचसी सेंटरों में नहीं बने आयुष्मान कार्ड

हरिद्वार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बहादराबाद और ज्वालापुर में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाने के बाद भी कर्मचारी नहीं पहुंचे। गुरुवार को सीएचसी में कैंप लगाया जाना था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से आयुष्मान भवः कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी। आयुष्मान योजना में पांच लाख तक का इलाज निशुल्क है। इस अभियान का उद्देश्य हर गांव और कस्बे में लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाना है। सेवा पखवाड़े में चलने वाले अभियान के तहत सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों, अस्पतालों में मुफ्त स्वास्थ्य चेकअप और इलाज होना है। सीएचसी प्रभारी डॉ.सुबोध कुमार जोशी ने बताया कि सर्वर डाउन चल रहा है। सीएचसी ज्वालापुर में कई लोग कार्ड बनाने पहुंच रहे थे, लेकिन वहां इसकी कोई व्यवस्था नहीं थी। लोगों को वापस भेजा गया।

## रक्तकोष में ई-रजिस्ट्रेशन करना जरूरी

हरिद्वार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बहादराबाद में स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जौलीग्रांट और एनजीओ एवं स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों ने स्वास्थ्य शिविर में निशुल्क जांच की और दवाइयां वितरित कीं। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.मनीष दत्त ने कहा कि आयुष्मान भव योजना के अंतर्गत पहले रक्त कोष में ई-रजिस्ट्रेशन करना है, क्योंकि आज के समय में किसी भी समय किसी भी ब्लड ग्रुप की, किसी को भी आवश्यकता पड़ सकती है। इसलिए ई रजिस्ट्रेशन करना बहुत जरूरी है क्योंकि भविष्य में अगर किसी भी ब्लड ग्रुप की आवश्यकता पड़ेगी तो सीधे दाता से संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह आई डोनेशन के लिए सभी को सहयोग करना है। सीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस से स्वास्थ्य शिविर और आयुष्मान भव कार्ड योजना में कार्ड बनाए जाते हैं, और प्रत्येक सीएचसी एंव अस्पतालों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाना है।

## ओबीसी वर्ग की योजनाओं को घर घर तक पहुंचाए: गिरी

हरिद्वार। कनखल मंडल में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश गिरी का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ओबीसी वर्ग के लिए जो योजनाएं लाई है, उसे घर-घर तक पहुंचाने का काम कार्यकर्ता करें। जिलाध्यक्ष डॉ. प्रदीप ने कहा कि मंडल स्तर पर मोर्चा को मजबूत करने का काम करना होगा। मंडल अध्यक्ष हीरा सिंह बिष्ट ने पदाधिकारी का स्वागत किया। मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सर्वेश प्रजापति ने बूथ स्तर तक कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान नगर निगम में उपनेता सुनील अग्रवाल गुड्डू, पार्षद नितिन माना, प्रशांत सैनी, महामंत्री अनिमेष, मनीष गुप्ता, महामंत्री विपिन कुमार, अजय राजपूत, सुरेश शर्मा, धीर सिंह, लक्ष्मण कटारिया, राजकुमार शर्मा, अजय, आशीष चौधरी, विपिन चौधरी, आदित्य गिरी, नाथीराम सैनी, राकेश कश्यप, छवि पंत, गौरव, पवन दीप, संजय सिंघानिया, शिवा लोधी आदि मौजूद रहे।

## पांच लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

रुड़की। टोल प्लाजा पर तीन दिन पूर्व हुए विवाद को लेकर टोल प्लाजा प्रबंधक ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। तीन दिन पहले टोल प्लाजा पर पैसे के लेनदेन को लेकर टोल कर्मचारी और वाहन चालक के बीच मारपीट हो गई थी। मामला थाने तक पहुंचा जिसमें, दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामला शांत कर दिया गया था। अब टोल प्लाजा प्रबंधक संदेश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## चालकों की समस्या का हुआ समाधान, हड़ताल खत्म

रुड़की। आईओसी डिपो के प्रबंधक के साथ वार्ता करने के बाद टैंकर चालकों की समस्या का समाधान हो गया है। थिथौला स्थित इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड में 170 टैंकर अनुबंध पर चल रही हैं। इनमें करीब 85 गाडियां पेट्रोल मालिकों की हैं जबकि, बाकी ट्रांसपोर्टर की हैं। कुछ टैंकर चालकों का आरोप था कि उन्हें कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को कुछ टैंकर चालकों ने हड़ताल पर जाने की बात कहते हुए प्रदर्शन किया था। इसके बाद चालकों की डिपो प्रबंधक के साथ वार्ता हुई। इस दौरान चालकों की समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया।

## विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस का 23 को सीएम आवास कूच

रुड़की। कांग्रेस के कार्यकर्ता शनिवार को मुख्यमंत्री आवास कूच करेंगे। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत भी शामिल होंगे। इस दौरान किसानों को उचित मुआवजा, एचआरडीए के अधिकारियों की मनमानी पर रोक, डेंगू समेत अन्य बीमारियों के रोकथाम के लिए उचित कदम उठाने, नगर निगम में किसी स्थानीय अधिकारी को कार्यपालक बनाने आदि की मांग की जाएगी। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने कैंप कार्यालय में कहा कि हरिद्वार जिले में एक हजार से ज्यादा लोगों की मौत डेंगू, चिकेगुनिया आदि से हो गई है लेकिन सरकार इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है। कहा कि हरिद्वार जिले में आपदा से किसानों को भारी नुकसान हुआ लेकिन उचित मुआवजा नहीं मिला। कहा कि कुछ ऐसे भी विधायक हैं जो सिर्फ मुआवजा दिलाने के नाम पर राजनीति कर रहे हैं।

## बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

रुड़की। दोस्त से मुलाकात कर बाइक से लौट रहा युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घायल अवस्था में संपर्क मार्ग पर मिला। ग्रामीणों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराकर पुलिस को सूचना दी। डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव हरजौली जट निवासी पंकेश बाइक पर सवार होकर मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के गांव झबीरन जट निवासी अपने एक दोस्त के पास गया था। बुधवार की रात को वह बाइक पर सवार होकर वापस संपर्क मार्ग से होते हुए घर को लौट रहा था। रात्रि में उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई तथा वह सड़क पर घायल अवस्था में मिला। कार्यवाहक कोतवाल प्रमोद कुमार ने बताया कि क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया गया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्टील फैक्ट्री का बॉयलर फटने से हुआ हादसा,

रुड़की। एक स्टील फैक्ट्री में बीती देररात्रि बॉयलर फटने से 15 से अधिक मजदूर घायल हो गए। इनमें 11 लोगों की हालत चिंताजनक बताई गई है। उन्हें उपचार के लिए हायर सेंटर में भर्ती कराया गया है। मुंडियाकी में एक स्टील फैक्ट्री में बुधवार देररात्रि लोहा गलाने वाली भट्टी में लगे बॉयलर में अचानक तेज धमाका हुआ। धमाके के साथ ही गला हुआ गर्म लोहा आसपास काम कर रहे मजदूरों के ऊपर जा गिरा इससे वहां चीख पुकार मच गई। फैक्ट्री प्रबंधन ने मशीनें तथा भट्टी बंद कराकर झुलसे हुए मजदूरों को निजी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने 11 मजदूरों की हालत चिंताजनक बताकर हायर सेंटर रेफर कर दिया। फैक्ट्री प्रबंधन ने इन मजदूरों को मुजफ्फरनगर तथा मेरठ के अस्पतालों में भर्ती कराया। मुजफ्फरनगर के बोझाहेड़ी निवासी अनुज और प्रतापगढ़ के साहिबपुर निवासी पवन, दिनेश तथा दीपू को प्रथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### तमंचा लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

रुड़की। बीती रात सुल्तानपुर चौकी प्रभारी नवीन सिंह चौहान, सिपाही अजीत तोमर व राजवीर के साथ इस्माइलपुर, ओसपुर वाले रास्ते पर गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्हें प्रतापपुर गांव का युवक चांदवीर पंचेवली में शिव मंदिर के पास घूमता मिला। उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से एक देशी तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। इस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा किया गया है।

### बुखार से पीआरडी के ब्लॉक कमांडर की मौत

रुड़की। हसनपुर मदनपुर गांव में संदिग्ध बुखार के चलते पीआरडी के ब्लॉक कमांडर विपिन कुमारकी उपचार के दौरान मौत हो गई। क्षेत्र में संदिग्ध बुखार के चलते दहशत का माहौल है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी अभिमन्यु ने बताया कि स्वास्थ्य टीम क्षेत्र में वायरल प्रभावित गांवों में शिविर लगाकर लोगों की जांच कर रही है। साथ ही उनका उपचार कर रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक लगाए गए शिविरों में कुल 49 लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई। कुछ दिन पहले खेड़ी शिकोहपुर गांव में संदिग्ध बुखार के चलते एक किशोर समेत दो लोगों की मौत हो गई थी।

### छात्रों को दी डिजिटल लेनदेन की जानकारी

रुड़की। हकदर्शक नैसकॉम फाउंडेशन द्वारा नेशनल कन्या इंटर कॉलेज खानपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में चार दिवसीय डिजिटल वित्तीय साक्षरता शिविर में छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी गई। फाउंडेशन की जिला समन्वयक रेणु शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक व्यक्ति के लिए डिजिटल वित्तीय साक्षरता बहुत जरूरी है। इसके माध्यम से कम समय में अधिक कार्य बिना धन खर्च किए हो सकता हैं। उन्होंने डिजिटल वित्तीय साक्षरता के चार माड्यूल फाउंडेशन, बेसिक, एडवांस तथा प्रवीण के बार में भी बच्चों को जानकारी दी।

### शहर के पार्कों का होगा सौंदर्यीकरण

रुड़की। शहर के पार्कों का नगर निगम अमृत योजना के तहत सौंदर्यीकरण करेगा। बच्चों के लिए झूले भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा पार्कों में लाइटें, सफाई, फलदार पौधे की व्यवस्था की जाएगी। सहायक नगर आयुक्त संजय कुमार ने बताया कि अमृत योजना के तहत करीब 15 लाख रुपये का बजट बचा हुआ है। ऐसे में इन बजट से उन पार्कों का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा, जहां आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि एक टीम को पार्कों का निरीक्षण कर रिपोर्ट बनाने के कहा गया है। रिपोर्ट के आधार पर सौंदर्यीकरण के काम होंगे। शहर में निगर निगम के अंतर्गत पांच से छह पार्क हैं, जहां सौंदर्यीकरण का कार्य होना है।

### उर्स को सकुशल सम्पन्न कराना पहली प्राथमिकता

रुड़की। साबिर पाक के उर्स की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मेला कोतवाली प्रभारी दिगपाल सिंह कोहली ने उर्स से सम्बंधित जोन और सेक्टर प्रभारियों की बैठक ली। सभी को मेले में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। मेला कोतवाली प्रभारी दिग्पाल सिंह कोहली ने कहा कि उर्स को सकुशल सम्पन्न कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। सभी जोन और स्केटर प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाकर रखें। इस बार किसी को भी पास जारी नहीं किया गया है। मेला क्षेत्र में कोई भी वाहन प्रवेश नहीं होने दिया जाएगा। वीआईपी के लिए अलग से पार्किंग की व्यवस्था की गई है। दरगाह परिसर में भी कोई